राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 89 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के डिप्टी सीएम कानपुर अग्निकांड पर मीडिया से मुखातिब होते हुए।

# पत्थरबाजी, आगजनी...सुलगा प.बंगाल

## रामनवमी के एक दिन बाद बंगाल में फिर हिंसा, हावड़ा में पत्थरबाजी; शोभायात्रा के दौरान गुजरात-महाराष्ट्र में हुईं हिंसक घटनाएं, 80 गिरफ्तार

**बवाल...**

= बंगाल में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा में पत्थरबाजी की, बिहार में भी हुई हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया/वडोदरा/संभाजीनगर/कोलकाता**

**बंगाल** में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा में पत्थरबाजी की। देशभर में गुरुवार को रामनवमी के मौके पर राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें भी सामने आई थीं। पश्चिम बंगाल के हावड़ा और उत्तरी दिनाजपुर जिले में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प हुई। हावड़ा के शिबपुर और उत्तरी दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर शहर के डालखोला में भी हिंसा हुई है। हावड़ा के शिबपुर में दो गुटों में जमकर पत्थरबाजी हुई। वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें घर की छतों से कुछ लोग शोभायात्रा पर पत्थर फेंकते दिख रहे हैं। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल भीड़ ने भी पत्थर फेंके। भीड़ ने आसपास के वाहनों और दुकानों में आगजनी की। शिबपुर में विश्व हिंदू परिषद और बंजरग दल ने शोभायात्रा निकाली थी। हिंसा का दूसरा मामला इस्लामपुर शहर के डालखोला का है। यहां भी शोभायात्रा के दौरान दो गुटों में जमकर पत्थरबाजी हुई।



### गुजरातः शोभायात्रा में पथराव, अब तक 24 गिरफ्तार

**गुजरात** के वडोदरा शहर में गुरुवार को दो जगहों पर रामनवमी शोभायात्रा में पथराव हुआ। पहली घटना फतेहपुरा क्षेत्र के पंजरीगर मोहल्ले के पास दोपहर में हुई, जबकि दूसरी घटना शाम को नजदीकी कुंभरवाड़ा में हुई। पुलिस के मुताबिक, फतेहपुरा क्षेत्र में हुई घटना में कोई घायल नहीं हुआ, जबकि कुंभरवाड़ा में रामनवमी के जुलूस पर हुए पथराव में एक महिला समेत कुछ लोग घायल हो गए। पंजरीगर मोहल्ले के जुलूस का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ने किया था। वहीं, दूसरा जुलूस स्थानीय निवासियों द्वारा आयोजित किया गया था। स्थानीय भाजपा विधायक मनीषा वकील उस जुलूस का हिस्सा थीं, जिस पर कुंभरवाड़ा में पथराव किया गया।

### संभाजीनगर में 10 पुलिसकर्मी समेत 12 लोग घायल, 20 गिरफ्तार



**महाराष्ट्र** के छत्रपति संभाजीनगर (पुराना नाम औरंगाबाद) के किराडपुरा इलाके में बुधवार-गुरुवार रात दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव किया और कई वाहनों में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पथराव किया। हमले में 10 पुलिसकर्मी समेत 12 लोग घायल हो गए। अब तक 20 लोगों की गिरफ्तार किया गया है। हिंसा रात 11.30 बजे शुरू हुई और तड़के 3.30 बजे तक जारी रही। संभाजीनगर के सांसद इम्तियाज जलील ने में कहा कि यहां झड़प शराबियों के दो गुटों में हुई। इन्होंने ही पत्थरबाजी की। राम मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ। मंदिर में कोई नहीं गया। इसलिए नागरिकों को अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

## 24 घंटे में 3095 कोरोना केस, इस साल सबसे ज्यादा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** में लगातार दूसरे दिन 3 हजार से ज्यादा कोरोना मरीज मिले हैं। संक्रमण से 5 मरीजों की भी मौत हुई है। एक्टिव केस बढ़कर 15 हजार 208 हो गए हैं। इससे पहले गुरुवार को 3016 मरीज मिले थे, इसकी तुलना में पिछले 24 घंटे में यह संख्या 3,095 रही। पिछले 6 महीनों में यह एक दिन में सबसे ज्यादा केस हैं। देश में कोरोना की पहली लहर 2020 से लेकर अब तक कुल मौतों का आंकड़ा 5 लाख 30 हजार 862 हो गया है। बुधवार को महाराष्ट्र में तीन, दिल्ली में दो, हिमाचल प्रदेश में एक और केरल में आठ लोगों की मौत हुई थी। हेल्थ मिनिस्ट्री के शुक्रवार सुबह 8 बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक, डेली पॉजिटिविटी रेट 2.73% दर्ज किया गया, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.71% रहा।

## 90 रिटायर्ड अफसरों ने कानून मंत्री को खत लिखा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

90 से ज्यादा रिटायर्ड सिविल सर्वेंट ने कानून मंत्री किरण रिजिजू के बयानों का विरोध करते हुए एक ओपन लेटर लिखा। इन ब्यूरोक्रेट्स ने कहा कि कानून मंत्री ने कई मौके पर जजों की नियुक्ति के कॉलेजियम सिस्टम और न्यायिक स्वतंत्रता पर ऐसे बयान दिए, जो सुप्रीम कोर्ट पर हमला लगते हैं। जजों की नियुक्ति, न्यायिक स्वतंत्रता और सुप्रीम कोर्ट पर दिए गए बयानों की हम निंदा करते हैं और न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जा सकता है।

किरण रिजिजू ने कहा था, "कुछ रिटायर्ड जज करीब एंटी इंडिया ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं। ये लोग कोशिश करते हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्ष की भूमिका निभाए। देश के खिलाफ इस तरह के काम करने वालों को इसकी कीमत चुकानी होगी।

## सरकार ने छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में किया इजाफा



**नई दिल्ली:** छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वालों के अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अधिकांश लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ा दी है। नई ब्याज दरें एक अप्रैल, 2023 से लागू होंगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अर्थव्यवस्था में तेजी के रुख के साथ अधिकांश लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई गई है। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में 0.1 से 0.7 फीसदी की वृद्धि की गई है। हालांकि, लोकप्रिय जमा योजना पीपीएफ और बैंकों में बचत जमा पर ब्याज दरें अप्रैल-जून तिमाही के लिए क्रमशः 7.1 फीसदी और चार फीसदी पर बरकरार रखी गई है।

## कम्बाइंड कमांडर कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए रक्षा मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्यप्रदेश** की राजधानी भोपाल में हो रही तीनों सेनाओं की कम्बाइंड कमांडर कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए।

**पीएम भी होंगे शामिल**

= सीडीएस जनरल के अलावा भारत की तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना, वायु सेना के प्रमुख भी कॉन्फ्रेंस में मौजूद

सीडीएस जनरल अनिल चौहान के अलावा भारत की तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना, वायु सेना के प्रमुख भी कॉन्फ्रेंस में मौजूद हैं। इसके अलावा इंदौर में हुए हादसे के बाद प्रधानमंत्री का मिंटो हॉल से रानी कमलापति स्टेशन के रास्ते में स्वागत का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि इंदौर की घटना दुखद है। पहले कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच में भाजपा के कार्यकर्ता और भोपाल की जनता प्रधानमंत्री का स्वागत करने वाली थी, लेकिन इंदौर की घटना के चलते अब कोई भी स्वागत का कार्यक्रम नहीं होगा। इस कॉन्फ्रेंस को वर्तमान परिस्थितियों के हिसाब से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें भारतीय सेना की रणनीति, रक्षा मामलों में आत्मनिर्भरता सहित अन्य विषयों पर चर्चा हो सकती है। वाइस चीफ, चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ, 7 आर्मी कमांडर, कमांडर 3 नेवल कमांड के प्रमुख भी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने भोपाल आए हैं।

## इंदौर मंदिर हादसाः अब तक 36 लोगों की हुई मौत

### मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पर गैर इरादतन हत्या का केस, सीएम पहुंचे तो भीड़ ने मुर्दाबाद के नारे लगाए

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौर**

**इंदौर के** बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में 36 लोगों की जान चली गई। मामले में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। 20 से ज्यादा लोगों का अभी इलाज चल रहा है। देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू दोबारा शुरू किया गया। मंदिर की दीवार और बावड़ी की स्लैब तोड़ी गई। आर्मी और प्रशासन की कई टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रहीं। 53 वर्षीय सुनील नाम के शख्स का शव शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। घटनास्थल के पास एक धर्मशाला में पटेल समाज के लोग इकट्ठा हुए थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह उनसे मिलने पहुंचे। यहां भीड़ ने हाय-हाय और मुर्दाबाद के नारे लगाए। हादसे में पटेल समाज के 11 लोगों की मौतें हुई है।



**20 से ज्यादा घायल**

= देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए

## बिहार 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** विद्यालय परीक्षा समिति ने शुक्रवार को 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने ऑनलाइन परीक्षा परिणाम जारी किया। इस बार टॉप-10 में कुल 69 विद्यार्थी शामिल हैं। इसमें 33 लड़कियां हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि 79 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। परीक्षा में शेखपुरा के मोहम्मद रुम्मान अशरफ ने टॉप किया है। उन्हें 97.8 फीसदी (489) अंक मिले हैं। मो. रूम्मान अशरफ इस्लामिया हाई स्कूल के छात्र हैं। दूसरे नंबर पर भोजपुर की नम्रता और औरंगाबाद की ज्ञानी अनुपमा रहीं।

## पीयूष गोयल ने नई विदेश व्यापार नीति जारी की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को वाणिज्य भवन में 'विदेश व्यापार नीति 2023' का अनावरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहीं। इस मौके पर केंद्रीयमंत्री गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर बहुत सी समस्याओं के बावजूद हमारे लिए मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 अच्छा रहा है।

हमने 750 बिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा था, लेकिन ऐसा लग रहा है कि हम 765-770 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएंगे।




## फ्लाइट में सिगरेट पी रहा था यात्री, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**इंडिगो** की फ्लाइट में एक यात्री को सिगरेट पीते पकड़ा गया है। मुंबई से गोरखपुर आ रही फ्लाइट में यात्री टॉयलेट में सिगरेट पी रहा था। सिगरेट जलते ही फ्लाइट में फायर अलार्म बज गया। जिससे यात्रियों समेत क्रू मेंबर अलर्ट हो गए। कैप्टन और क्रू मेंबर्स ने उसकी सिरगेट बुझवाई। फ्लाइट के गोरखपुर लैंड करते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा अधिकारियों ने यात्री को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## भगोड़ा नहीं, बगावत काट रहा हूंः अमृतपाल

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**वारिस** पंजाब दे के चीफ और खालिस्तान प्रचारक अमृतपाल सिंह की तलाश 13वें दिन भी जारी है। अमृतपाल को ढूंढने के लिए होशियारपुर में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यहां उसे ड्रोन से तलाश किया जा रहा है। अमृतपाल उत्तराखंड से आने के बाद जालंधर में कपूरथला बॉर्डर के नजदीक एक डेरे में छुपा था। 28 घंटे के भीतर अमृतपाल की दूसरी वीडियो सामने आई। जिसमें उसने सरबत खालसा बुलाने की मांग दोहराई। सरबत खालसा बुला



जत्थेदार परिवारवाद के इल्जाम से मुक्त हो सकते हैं। अमृतपाल ने कहा कि वह बगावत के दिन काट रहा है। मैं हुकूमत से नहीं डरता। वह भगोड़ा होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। अमृतपाल सिंह ने कहा कि मैंने वीडियो के जरिए सिख संगतों को संबोधित किया था। जिसमें कुछ संगतों को शक था कि शायद वीडियो पुलिस की कस्टडी में बनी है। जिन्हें लगता है कि मैं भगोड़ा हो गया और अपने साथियों को छोड़ गया, कोई ऐसी गलतफहमी न रखे। मैं मरने से नहीं डरता। मुझे अगर इस घेरे से बाहर रखा है तो इसका मतलब है कि मैं अपनी कौम और अपने साथियों के लिए कुछ कर सकूं। जल्दी ही संसार के सामने भी प्रगट होंगे और समाज में घूमेंगे। मैं उनमें से नहीं हूं कि देश छोड़कर बाहर भाग जाऊं और वीडियो डालकर बाहर से मैसेज दूं।

**भारत का सम्मान** उपलब्धियों पर पानी फेरने देश के अंदर और बाहर कुछ ताकतें काम कर रहीं

## दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाः जगदीप धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि को कहा कि भारत बड़ी तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत के लोकतंत्र पर दुनिया का कोई दूसरा देश सवाल नहीं उठा सकता, क्योंकि दुनिया में कोई दूसरा देश इतने लोकतांत्रिक ढंग से इवॉल्व नहीं हुआ है, जितना भारत।

**भारत की अखंडता के खिलाफ आभासी युद्धः** उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जा सकता। भारत के विकास पथ में व्यवधान पैदा करने, लोकतांत्रिक व्यवस्था की छवि खराब करने और राष्ट्र की उपलब्धियों पर पानी फेरने के लिए देश के अंदर और बाहर कुछ ताकतें काम कर रही हैं। लोगों को वैश्विक मशीनरी' की तरफ से सुनियोजित तरीके से 'भारत की अखंडता के खिलाफ आभासी युद्ध' के बारे में जागरूक होने की जरूरत है।




**पीएम के 'मन की बात' सफल रहीः** उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के मन की बात सफल रही, इसका लोगों से सहज जुड़ाव हुआ है। हम दुनिया के सबसे कार्यात्मक यानी फंक्शनल लोकतंत्र हैं और इसे लेकर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत की छवि को खराब करने के अभियान में लगे हुए हैं, उन्हें मीडिया को उजागर करना चाहिए।

**एक पूरा सिस्टम हमारे विकास को बाधित कर रहाः**
उन्होंने आगे कहा कि आइवी लीग विश्वविद्यालयों में दक्षिण एशिया के अध्ययन को वित्त पोषित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने चार स्वास्थ्य योजनाओं का किया शिलान्यास

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को दून मेडिकल कॉलेज में 500 बेड क्षमता के अस्पताल सहित कुल 180 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली चार स्वास्थ्य योजनाओं का रिमोट का बटन दबाकर शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ऑनलाइन जुड़े थे। मौसम खराब होने के चलते वे देहरादून कार्यक्रम में नहीं शामिल हो पाए।
शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार लघु फिल्म भी दिखाई गई।
मुख्यमंत्री ने दून मेडिकल कॉलेज में 500 बेड क्षमता के अस्पताल कुल लागत 124.10 करोड़ और ईसीआरपी-2, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत तीन



जनपदों पौड़ी में 18.80 करोड़ व रुद्रप्रयाग में 20.38 करोड़ व नैनीताल में 19.48 करोड़ की लागत से 50-50 बेड के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया।
इस मौके पर कृषि व कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, राजपुर विधायक खजान दास, धर्मपुर विधायक बिनोद चमोली, मेयर सुनील उनियाल गामा, यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव विशाल चौहान, स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री धामी 15 को नवनिर्मित यात्रा ट्रांजिट कैंप का करेंगे शुभारंभ

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
चार धाम यात्रा 2023 पर जाने वाली बसों के लिए ऋषिकेश में बनाए जा रहे ट्रांजिट कैंप का आगामी 15 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं राज्य के पर्यटन मुख्य सचिव सचिन कुर्वे द्वारा संयुक्त रूप से लोकार्पण करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।
यह जानकारी राज्य के पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को चार धाम यात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने के लिए बनाए जा रहे ट्रांजिट कैंप का लोकार्पण होने जा रहा है। इस वर्ष से यात्रा नए ट्रांजिट कैंप से प्रारंभ होगी, जहां 15 अप्रैल से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।
योगेंद्र गंगवार ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी संख्या में यात्रियों के आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिसे देखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा सभी व्यवस्थाओं को चुस्त एवं दुरुस्थ किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए यात्रा मार्गों पर रेन बसेरे, पीने के पानी, विद्युत व्यवस्था के साथ बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री मार्गों पर चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है। स्वास्थ्य की दृष्टि से स्वास्थ्य कैंप भी लगाए जाएंगे। ऋषिकेश में चंद्रभागा से संयुक्त बस अड्डे तक जाने वाले मार्ग के निर्माण के लिए सिंचाई विभाग को बजट की धनराशि आवंटित कर दी गई है। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। चार धाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर बसों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध कराए जाने के लिए उत्तराखंड परिवहन विभाग भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री दून मेडिकल कॉलेज के 500 बेड क्षमता के अस्पताल का करेंगे शिलान्यास



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज (शुक्रवार) दून मेडिकल कॉलेज के 500 बेड क्षमता के अस्पताल सहित तीन जनपदों श्रीनगर (पौड़ी), रुद्रप्रयाग व नैनीताल के लिए स्वीकृत 50-50 बेड के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास करेंगे। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने बताया कि मांडविया मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में करीब 12 बजे स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें दून मेडिकल कॉलेज के 500 बेड क्षमता के अस्पताल और ईसीआरपी-2, प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत हेल्थ इंस्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत तीन जनपदों श्रीनगर (पौड़ी), रुद्रप्रयाग व नैनीताल के लिए स्वीकृत 50-50 बेड के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के समापन के बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री करीब 3 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वह नई दिल्ली रवाना होंगे। मांडविया का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास में साढ़े ग्यारह बजे बैठक का कार्यक्रम भी है।

## राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहाः कांग्रेस

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस इस प्रकार के भाजपा के षड्यंत्र से डरेगी नहीं और लोकतंत्र को बचाने के लिए पूरे देश में आंदोलन करेगी। राहुल गांधी को अडानी के श्यामपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयपाल रावत, पूर्व अध्यक्ष विनय सारस्वत, नगर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संगठन दीपक जाटव, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गौरव राणा ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा पर जमकर



हमला बोला।
नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अडानी मामले पर पूछे जाने वाले सवालों से डर कर राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी है। अब उन्हें उनके मकान से निकालकर बेघर भी किया जा रहा है। उक्त नेताओं ने कहा कि 2024 के चुनाव में उत्तराखंड में इस बार कांग्रेस के उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे, जिसके लिए राज्य की जनता मन बना चुकी है।

## ऋषिकेशः चाचा-भतीजी गंगा किनारे से लापता, गंगा में बहने की आशंका

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
यम्केश्वर क्षेत्र के ग्राम कोटा कुल्याणी के चाचा-भतीजी ग्राम सिरासू के पास गंगा किनारे से रहस्यमय परिस्थिति में लापता हो गए। गंगा किनारे से दोनों के जूते और बैग मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों गंगा में बह गए होंगे। एसडीआरएफ की टीम ने नदी में तलाशी अभियान चलाया है।
लक्ष्मण झूला थाना प्रभारी विनोद सिंह गुसाईं ने बताया कि यम्केश्वर क्षेत्र के ग्राम प्रधान सिरासू के प्रीतम सिंह राणा ने पुलिस को सूचना दी कि ग्राम सिरासू के पास गंगा तट से दो लोग लापता हो गए हैं, जिनका पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची।

## भूतपूर्व सैनिकों को गृहकर में छूट के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश

**8 भूतपूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष ले. कर्नल बीएम थापा ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की**

**देहरादून**
सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय सचिव को छावनी परिषदों में सभी भूतपूर्व सैनिकों और सैन्य अधिकारियों को गृहकर में छूट देने के संबंध में प्रस्ताव बनाने और उसे मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।
भूतपूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष ले. कर्नल बीएम थापा ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की। इस



दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के हितों को प्राथमिकता में लेकर कार्य कर रही है।
ले. कर्नल बीएम थापा ने मंत्री गणेश जोशी से कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सैनिकों और पूर्व सैनिकों के साथ-साथ सभी सैन्य अधिकारियों को भी गृहकर में छूट देने की घोषणा की गई थी। जिसका शासनादेश अभी तक नहीं हुआ। उन्होंने छावनी क्षेत्रों में सैनिकों और पूर्व सैनिकों को गृहकर में छूट को लेकर भी तत्काल शासनादेश जारी करने का अनुरोध किया। सैनिक कल्याण मंत्री ने दूरभाष पर विभागीय सचिव को इस प्रकरण पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये।

## न्यूज फ्लैश

### महिला ने लगाया दुष्कर्म व ब्लैकमेल करने का आरोप, कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अदालत ने लक्सर कोतवाली पुलिस को एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेल का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक लक्सर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि घटना 14 फरवरी 2017 की है।
उसके पिता दूध लेकर घर से बाहर गए हुए थे। वह अपने मकान की ऊपरी मंजिल पर गई थी। इस दौरान एक युवक वहां आया और चाकू दिखाकर उसे डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपित ने पीड़िता का वीडियो भी बना लिया।
इसके बाद आरोपित का विवाह हो गया। विवाह हो जाने के बाद भी आरोपित उसे ब्लैकमेल कर उसका यौन शोषण करता रहा। पीड़िता के मुताबिक लंबे समय तक सब कुछ चुपचाप सहने के बाद उसके सब्र का बांध टूट गया तो उसने अपने पति को इस मामले की जानकारी दी। पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं करने पर उसने न्यायालय की शरण ली। वहीं आरोपित ने सभी आरोपों को बेबुनियाद और झूठा बताया है। उसका कहना है कि भूमि विवाद में दबाव बनाने के लिए झूठे आरोप लगाए गए हैं। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी।

### सीबीआई की टीम पहुंची एम्स, मचा हड़कंप

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश एम्स में नियुक्ति और खरीदारी में घपले के आरोप से घिरे अधिकारियों के यहां बीते वर्ष फरवरी में सीबीआई की टीम ने छापा मारा था।
जिसके चलते पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को फिर से सीबीआई की टीम में शामिल सात लोग एम्स ऋषिकेश पहुंचे। जहां वह चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में आवश्यक पूछताछ कर रहे हैं। सीबीआई की टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

## मंत्री प्रेमचंद शिशु विद्या मंदिर के वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम में हुए शामिल

**8 इस दौरान मंत्री डॉ अग्रवाल ने विधायक निधि से 05 लाख रुपये कक्ष निर्माण के लिए देने की घोषणा भी की**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने लाला जातिराम अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर विद्यालय के वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम में शिरकत की और सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया। इस दौरान मंत्री डॉ अग्रवाल ने विधायक निधि से 05 लाख रुपये कक्ष निर्माण के लिए देने की घोषणा भी की।



शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री डॉ अग्रवाल ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने प्ले ग्रुप की वान्या पांडेय, एलकेजी की सुकृग्या, यूकेजी के वशिष्ट डोबरियाल, प्रथम कक्षा की नव्या, द्वितीय कक्षा की नमृता, तृतीय कक्षा की वंशिका, चतुर्थ कक्षा की अनिरुद्ध डोबरियाल, पंचम कक्षा की जीविका प्रजापति, छठी कक्षा के अविरल और सिद्धार्थ, सप्तम कक्षा के सक्षम, अष्टम कक्षा के सुमित गिरी को अपनी कक्षा में प्रथम आने पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इसके अलावा विद्यालय की ओर से बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड अविरल थपलियाल को दिया गया।
मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि वार्षिक परीक्षा फल बच्चों को प्रतिभा दिखाता है। यह शिक्षक की परफॉर्मेंस को भी दशार्ता है। पूरे वर्षभर बच्चों को दी गई शिक्षा, प्रशिक्षण, शारीरिक और सांस्कृतिक अभ्यास की दीक्षा का परीक्षण किया जाता है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि आदर्श नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कारवान शिक्षा के साथ नई शिक्षा नीति के तहत अध्ययन कराया जाता है। इस विद्यालय से शिक्षा लेकर बच्चों ने देश ही नहीं विदेशों में भी नाम रोशन किया है।

## सट्टे की खाई बाड़ी करते दो लोग गिरफ्तार

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
कलियर थाना पुलिस ने पीपल चौक के पास खुलेआम सट्टे की खाई बाड़ी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान उत्तर प्रदेश के रामपुर निवासी गुड्डू खान और संभल निवासी मोहम्मद जहांगीर के रूप में हुई है। गिरफ्तार दोनों लोगों के पास से सट्टा पर्ची और 3020 रुपये नकद बरामद किए हैं।
पुलिस के अनुसार कई दिनों से पीपल चौक के पास सट्टे की खाई बाड़ी करने की शिकायत मिल रही थी। इसी के तहत पुलिस ने बीती रात यहां से इन दो लोगों को सट्टे की खाई बाड़ी करते गिरफ्तार कर लिया।

## उत्तराखंड में बारिश से बढ़ी ठंड, येलो अलर्ट जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून सहित प्रदेश के कई स्थानों पर देर रात्रि से बारिश हो रही है। इससे ठंड बढ़ गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने एक अप्रैल तक प्रदेश के उच्च इलाकों में बर्फबारी,बारिश, ओलावृष्टि के साथ मैदानी इलाकों में तेज हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।
प्रदेश के हिस्सों में गुरुवार रात्रि से मौसम खराब है। देहरादून में बारिश के चलते शुक्रवार सुबह लोग मॉर्निंग वॉक पर नहीं जा सके। स्कूली बच्चों को दिक्कतों




का सामना करना पड़ा। देहरादून के कई सड़कों पर जलभराव हो गया है।
विभाग ने उत्तराखंड के सभी जनपदों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर सहित अन्य जनपदों में 3500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में भारी बर्फबारी हो सकती है। देहरादून, पौड़ी, उधम सिंह नगर, नैनीताल और हरिद्वार जिले में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने के आसार हैं।
एक अप्रैल को भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों मे ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं।

## आईआईटी रुड़की का दीक्षांत समारोह 6 अप्रैल को



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रूड़की 6 अप्रैल को अपने 22वें दीक्षान्त समारोह का आयोजन करने जा रहा है।
शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धमेन्द्र प्रधान इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। 2022 से 26 विभागों, सेंटरों से यूजी, पीजी और पीएचडी प्रोग्रामों के छात्रों को दीक्षान्त समारोह के दौरान डिग्री दी जाएगी। इनमें से 1005 छात्र अंडरग्रेजुएट, 638 पोस्ट ग्रेजुएट और 379 डॉक्टोरल छात्र हैं। इसके अलावा अंडरग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्रामों से कुल 125 मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।
कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के कॉन्वोकेशन हॉल में सुबह 10 बजे होगी। आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर केके पंत डायरेक्टर की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि

**8 यूजी, पीजी और पीएचडी प्रोग्रामों के छात्रों को दीक्षान्त समारोह के दौरान डिग्री दी जाएगी**

इंस्टीट्यूट लेवल अवॉर्ड्स देंगे। इसके बाद चेयरमैन, बीओजी, बीवीआर मोहन रेड्डी सभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र प्रधान सम्बोधन देंगे।
प्रोफेसर केके पंत ने कहा कि दीक्षान्त समारोह हमारे लिए खास मौका है, जो ग्रेजुएशन करने वाले हर छात्र और उनके परिवार के चेहरों पर मुस्कान लेकर आता है।
एकेडमिक अफेयर्स डीन प्रोफेसर अपूर्बा कुमार शर्मा ने कहा कि कोविड-19 के चले लम्बे अंतराल के बाद फिजिकल मोड में दीक्षान्त समारोह का आयोजन करते हुए हमें खुशी का अनुभव हो रहा है।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने भगवान नरसिंह के किए दर्शन

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे हैं। शुक्रवार को उन्होंने जोशीमठ में भगवान नरसिंह के दर्शन-पूजन किये। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोशीमठ का भी निरीक्षण किया।
जोशीमठ पहुंचने पर स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत कर उन्हें सीमान्त ब्लॉक जोशीमठ की स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी दी।श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने शुक्रवार प्रातः मलारी पहुंचकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत कर उन्हें भगवान बद्रीविशाल की यात्रा का न्यौता दिया। पंवार ने जोशीमठ के एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम चिपको आंदोलन की महान



नेत्री गौरा देवी के नाम से किए जाने का स्वागत करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## ऋषिकेश में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश में मौसम का मिजाज बदल हुआ है। गुरुवार रात से शुरू हुआ बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। राज्य के मौसम विभाग द्वारा उत्तराखंड में येलो अलर्ट जारी किया गया है। ऋषिकेश में गुरुवार की देर रात को तेज हवा के बाद लगातार हो रही बारिश से आम जन जीवन प्रभावित हो गया है। नगर के मुख्य बाजारों में सन्नाटा छाया है। गली-कूचे की नालियां पानी से भर गई हैं। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है, जिसके कारण लोगों का सड़कों पर चलना भी दुभर हो गया है।

## संपादकीय

# स्वस्थ विश्व का आधार बना 'मिलेट्स'

**मिलेट्स** यानी मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य, खेतों की मिट्टी, पर्यावरण और आर्थिक समृद्धि में कितना योगदान कर सकता है, इसे इटली के रोम में खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्यालय में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष (आईवाईओएम) के शुभारंभ समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संदेश से समझा जा सकता है- 'हमारी जमीन और हमारी थाली में विविधता होनी चाहिए। अगर खेती इकहरी फसल वाली हो जाए, तो इसका बुरा असर हमारे और हमारी जमीन के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। मोटे अनाज हमारी खेती और हमारे भोजन की विविधता बढ़ाते हैं। मोटे अनाजों के प्रति सजगता बढ़ाना इस आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लोग और संस्थाएं, दोनों ही बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं। संस्थाओं के प्रयास से मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है और समुचित नीतियां अपनाकर इनकी फसल को फायदेमंद बनाया जा सकता है। लोग भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए मोटे अनाजों को अपने आहार में शामिल करके इस पृथ्वी के अनुकूल विकल्प चुन सकते हैं। मुझे विश्वास है कि 2023 में मोटे अनाजों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष का यह आयोजन सुरक्षित, टिकाऊ और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक जन आंदोलन को जन्म देगा।'

पिछले कुछ सालों से लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ी है। खासकर कोरोना के बाद से यह चेतना चिंता में बदल गई है। लोगों ने महसूस किया है कि अगर खानपान और जीवनशैली में बदलाव नहीं लाया गया, तो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। यही वजह है कि ज्वार, रागी, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुट्टू, जैसे अनेक मोटे अनाज की पूरी दुनिया में मांग बढ़ी है। लेकिन भारत ने तो इस चेतना की अलख काफी पहले से ही जगानी शुरू कर दी है। 2014 में जब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सत्ता में आई, तभी से इस दिशा में प्रयास किये जाने लगे थे। इन्हीं प्रयासों का नतीजा था वर्ष 2018 को सरकार द्वारा राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया। मिलेट के वैश्विक उत्पादन में 18 प्रतिशत भागीदारी के साथ भारत आज विश्व का सबसे बड़ा मिलेट उत्पादक देश बन चुका है और प्रति हेक्टेयर उत्पादकता की दृष्टि से भी दुनिया के मिलेट उत्पादक देशों में दूसरे स्थान पर आ चुका है। वर्तमान में विश्व के लगभग 130 देशों में मिलेट उगाए जा रहे हैं और एशिया व अफ्रीका महाद्वीप में रहने वाले लगभग साठ करोड़ लोगों के नियमित भोजन का हिस्सा बने हुए हैं। उत्पादन और उत्पादकता के 2016 से 2021 के आंकड़ों पर नजर डालें, तो हम पायेंगे कि विश्व के पांच सबसे बड़े पोषक अनाज (मिलेट) उत्पादक देशों में भारत के अलावा नाइजर, सूडान, नाइजीरिया और माली जैसे देश शामिल हैं। भारत में 142.93 लाख हेक्टेयर जमीन पर इनकी खेती होती है और पांच साल में औसतन 156.12 लाख टन मिलेट का उत्पादन हुआ, जबकि दूसरे स्थान पर रहे नाइजर में 107.16 हेक्टेयर भूमि पर सिर्फ 56.39 लाख टन उत्पादन रहा। पूरे विश्व में मिलेट उत्पादन का औसत 890.92 लाख टन है, जिसमें 156.12 लाख टन से ज्यादा भारत में उपजा है। उत्पादकता (किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) की दृष्टि से सिर्फ नाइजीरिया ही भारत से आगे है, वह भी बहुत कम।

# वन संरक्षण अधिनियम एवं विनियमों में उदारीकरण की प्रक्रिया

डॉ. रमेश चंद

"वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं। वानिकी का उत्पादन तीन स्रोतों पर निर्भर है। ये स्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है"

**वानिकी,** कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का एक अंग है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में चार खंड शामिल हैं-फसलें, पशुधन, मात्स्यकी और वानिकी। इन चार खंडों में से पहले तीन खंड हरित क्रांति, श्वेत क्रांति और नीली क्रांति आदि जैसी क्रांतियों के गवाह रहे हैं। इन क्रांतियों के कारण पिछले 50 वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 3.05 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई। जबकि वानिकी के उत्पादन में प्रति वर्ष महज 0.54 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। वानिकी क्षेत्र की यह वृद्धि जनसंख्या में होने वाली वृद्धि दर का एक तिहाई भी नहीं है। आर्थिक और इकोलॉजी की दृष्टि से इसके बेहद गंभीर नतीजे हुए। देश में उत्पादित लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पादों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में भारी गिरावट आई और भारत को लकड़ी व लकड़ी के उत्पादों की घरेलू मांग के बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करना पड़ा।

वानिकी में मामूली वृद्धि का सीधा अर्थ पर्यावरण और इकोलॉजी के अनुकूल उत्पादन में कम वृद्धि भी है। कार्बन प्रच्छादन, जल संतुलन और प्राकृतिक इकोसिस्टम के सेहत की दृष्टि से इसके दूरगामी प्रभाव हैं।

वानिकी का उत्पादन तीन स्रोतों पर निर्भर है। ये स्रोत हैं- सार्वजनिक वन, निजी स्वामित्व वाली भूमि और केंद्र एवं राज्यों, पंचायतों, समुदायों आदि के स्वामित्व वाली अन्य प्रकार की भूमि। विभिन्न कारणों से लकड़ी एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के निष्कर्षण और लकड़ी आधारित उद्योग की स्थापना की प्रक्रिया वन संरक्षण अधिनियमों तथा विभिन्न विनियमों द्वारा कड़ाई से विनियमित की जाती है। भारत में वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि 23.4 मिलियन हेक्टेयर है। इन क्षेत्रों में वनोपज, विशेषकर लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के व्यावसायिक निष्कर्षण पर प्रतिबंध या रोक लगाने के पीछे कुछ तर्क हैं। हालांकि आर्थिक विकास, पर्यावरण, इकोलॉजी और स्थिरता से संबंधित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इस वन क्षेत्र के बाहर वानिकी और पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने की



काफी संभावनाएं हैं। सबसे बड़ी संभावना कृषि भूमि पर है, जहां कृषि वानिकी को अपनाकर इस दिशा में बढ़ा जा सकता है। कुल कृषि योग्य भूमि में से 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि परती पड़ी रहती है। यह देश में वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुल भूमि से अधिक है। भारत में 12 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य बंजर भूमि भी उपलब्ध है। परती भूमि, कृषि योग्य बंजर भूमि और खेत की सीमाओं पर पेड़ उगाने की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में, वानिकी वृक्षारोपण के तहत निजी गैर-वन भूमि के बहुत छोटे से हिस्से को कवर किया जाता है और वहां पेड़ों की अधिकांश प्रजातियां नैसर्गिक रूप से ही उगती हैं। वे लकड़ी की घरेलू मांग को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत बड़ी मात्रा में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात कर रहा है। इस आयात में 2018-19 तक वृद्धि का रुझान दिखाई देता रहा है। वर्ष 2018-19 के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों का आयात 6126 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 42841 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। वृक्षारोपण और कृषि-वानिकी में बहुत कम रुचि होने के पीछे के कारणों के गहन परीक्षण की आवश्यकता है। देश में लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों की मांग में कोई कमी नहीं आई है। इनकी मांग बढ़ने से कीमतें दिनों-दिन बढ़ रही हैं और इनका आयात भी बढ़ रहा है। कुछ वर्ष पहले तक वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगने वाले पेड़ों की कटाई पर सख्त प्रतिबंध था। एक राज्य से दूसरे राज्य में उन्हें ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट की आवश्यकता होती थी। इससे निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़ों का अस्तित्व जोखिम में पड़ गया, क्योंकि भूमि के मालिकों को ऐसे पेड़ों को बेचने की अनुमति प्राप्त करने के लिए बोझिल और जटिल प्रक्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता था।

इस बीच देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वन नीति 1988 और राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति 2014 लागू की गई। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 नवंबर, 2014 को राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को "वन क्षेत्र से बाहर निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों के लिए कटाई और पारगमन नियमन" के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिदेर्शों में पेड़ों की कटाई के लिए किसी भी प्रतिबंध से मुक्त प्रजातियों की सूची और निजी भूमि पर उगने वाले वृक्षों की प्रजातियों के लिए उदार पारगमन नियम का स्पष्ट उल्लेख किया गया। इसके बाद, इस मामले को नीति आयोग द्वारा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित सुधारों के एक भाग के रूप में राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के समक्ष उठाया गया। कुछ राज्यों ने केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करने के लिए अपनी ओर से अधिसूचनाएं जारी कीं। किंतु, अधिकांश राज्यों में इनका सक्रियतापूर्वक अनुपालन नहीं किया गया।

निजी भूमि पर उगाए गए पेड़ों की कटाई और पारगमन पर प्रतिबंधों को सीमित तौर पर उदार बनाए जाने से वानिकी के उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में काफी कमी हुई। निजी भूमि पर उगाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों की कटाई पर प्रतिबंध में छूट की अधिसूचना के एक साल बाद, वन क्षेत्र का उत्पादन लगातार तीन वर्षों के लिए 5 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दशार्ता है। 1950-51 से ऐसा कभी नहीं हुआ। इसी तरह, 2014-15 के बाद दो वर्षों के दौरान लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों के आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आई और उसके बाद की अवधि में आयात में वृद्धि होने के बजाय उतार-चढ़ाव होता रहा। स्थानीय रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि देश में कुछ इलाकों में चिनार जैसी कृषि वानिकी प्रजातियों के रकबे में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि, पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध हटाने की जानकारी देश के बड़े हिस्से में नहीं पहुंच पाई है। इस जानकारी को गांव के स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। भारत में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए देश में पेड़ों की कटाई और पेड़ों के उत्पादों की आवाजाही को प्रतिबंध से पूरी तरह मुक्त बनाने की भी आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी के वर्तमान समय में, उत्पाद की आपूर्ति के स्रोतों, यानी- भूमि या निजी भूमि - का पता लगाने के उपाय उपलब्ध हैं। पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के त्वरित और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादन हेतु अब तकनीकी विकल्प उपलब्ध हैं। हालांकि, विभिन्न प्रकार के विनियामक प्रतिबंधों के कारण पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के बाजार बेहद ही अविकसित हैं। यदि इन बाधाओं को हटा दिया जाए, तो कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के अन्य तीन उप-क्षेत्रों की तरह ही वानिकी क्षेत्र में भी ‘हरित क्रांति’ की अपार संभावनाएं हैं।

## कविता

शब्द तेरे, छंद तेरे कविता तेरी,

हवाएँ तेरी,शहर तेरा,मंजिल तेरी,
पल ठहर जायेंगे,मर्जी होगी तेरी।

शब्द तेरे, छंद तेरे,कविता तेरी,
गुनगुनायेँगे हम,हामी होगी तेरी'

आसमान तेरा,रंग तेरे,परिंदे तेरे,8ई
उकेरेंगे आकृति, गर मर्जी होगी तेरी.

भाव तेरा, मन तेरा, भावनाएं तेरी,
रच लेंगे पंक्तिया, गर होगी लेखनी तेरी।

कलिया तेरी,पुष्प तेरे,उपवन तेरा,
हाथों में सजा देंगे, गर होगी मेहंदी तेरी।

कुह कुह तेरी,चह चहाहट तेरी,
खूब चहकेंगे,होगी चांदनी तेरी।

झरने तेरे,नदियां तेरी,सागर तेरे,
पी लेंगे नीर,गर नदी होगी
तेरी।

पगडण्डी तेरी,सड़के भी तेरी,
तय करेंगे सफर,गर होगी गालियां तेरी।

पवन तेरा,गगन तेरा,आकाश तेरा,
उड़ जायेंगे, गर होंगी आशिकी तेरी।

संजीव ठाकुर

## विषयाभाव के मारे व्यंगकार

लिखने वाले लोगों की आत्मा की खुराक लेखन होती है । व्यंग लिखने वाले व्यंग कार की आत्मा की खुराक कुछ ज्यादा ही लंबी चौड़ी होती है। वह कितना भी लिखे उसे कम ही लगता है जहां किसी व्यंग कार ने समाज में कोई विद्रूपता देखी उसे लिखने की भूख जाग उठती है। लेखक को लिखे बिना चैन मिल ही नहीं सकता। दरअसल लेखक एक अबोध बालक के समान होता है उसे लगता है कि वह अपने कलम से दुनिया को बदल देगा। अब कितना बदलाव हो रहा है यह सब तो आप भी देख रहे हैं। फिर भी अंतिम सांस तक वह कोशिश करता रहता है करता रहता है। लेकिन आजकल मुझे खूब विषयाभाव हो गया है। पहले राजनीति से मेरे अंदर के व्यंग कार लेखक को भरपेट भोजन मिल जाता था । भोजन में मसालेदार सब्जी के साथ साथ चटनी और रायता भी खूब मिलता था। पर आजकल भूखों मरने की नौबत आ गई है क्योंकि भयंकर रूप से विषयाभाव हो गया है। कभी सपने में भी नहीं सोचा था ऐसा दिन आएगा। लेकिन आखिरकार ऐसा दिन आया। अब दिन कैसा आया है आप जनता से ज्यादा अच्छा कौन समझ सकता है आप पब्लिक है पब्लिक सब कुछ जानती है। पहले मजे से लिखती थी क्योंकि तब समाज में ढेर सारी विसंगतियां थी । लेकिन जब से राजनीति की सारी विद्रूपता दूर हो गई है सारे नेता स्वच्छ छवि वाले, बेदाग, सेवाभावी , निस्वार्थ सेवा भाव वाले हो गए हैं। जनता की सारी समस्याएं दूर हो चुकी हैं। तब से मुझे राजनीति में कोई विषय ही नहीं मिल रहा है । भगवान किसी को इतना अच्छा भी नहीं होना चाहिए। फिर मैंने सोचा अपने मनपसंद पुलिस विभाग पर ही व्यंग लिख डालु ।लेकिन जब से सारे पुलिस वाले ईमानदार, नैतिक नियमों को पालन करने वाले ,जनता को डंडे के बजाय बात से समझाने वाले, थाने में जाने पर गाली के बजाय आप कह कर बुलाने वाले, घुस और रिश्वतखोरी से कोसों दूर रहने वाले, एवं मृदुभाषी हो चुके हैं मैंने अपना माथा पीट लिया है आखिर इन्हें क्या जरूरत है इतना अच्छा होने की ईश्वर इनको इतना अच्छा होने की सजा जरूर देना इन्होंने मुझे बेरोजगार कर दिया है। आखिर किसी का रोजगार मारना कहां की शराफत है। फिर सोचा मैंने देश की अदालतों एवं वकील पर ही कोई व्यंग लिख डालु, पर वहां का दृश्य तो और ही बदला हुआ दिखा मुझे... लोक अदालतों के चक्कर लगाने वाले लोग सुबह से शाम में न्याय पा जा रहे हैं, सबको न्याय समान रूप से मिलने लगा है बिना भेदभाव मिल रहा है। एक भी केस पेंडिंग नहीं है शाम को हुआ जुर्म सुबह तक न्याय मिल जा रहा है। फिर मैं किस मुंह से इन लोगों पर व्यंग लिखूं... ईश्वर ऐसा बुरा दिन किसी लेखक को किसी को ना दिखाएं। जैसा मुझे दिखा रहे हैं। फिर मैंने सोचा सबको छोड़िए देश की बेरोजगारी पर ही कुछ लिख लिया जाए यह भी एक व्यंग के लिहाज से बहुत अच्छा विषय है लेकिन जब से देश के सारे नौजवानो को सरकारी नौकरियां उपलब्ध हो गई है ।और सब के कार्य में व्यस्त हो जाने की वजह से अपराध शुन्य हो चुका है।

## व्यंग्य

# दूध की कहानी, दूध की जुबानी !

सुनील कुमार महला

**दूध** को 'शक्ति का पर्याय' माना जाता है। माना क्या जाता है दूध है भी शक्ति का पर्याय। दूध पीने से तुरंत एनर्जी मिलती है। अजी ! एक तरह से यह शारीरिक शक्ति का स्रोत है। हमारे बुजुर्ग कहते आए हैं कि दूध पौष्टिक होता है और बुद्धि के विकास में कारगर होता है।यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में जो स्थान दूध को प्राप्त है, वह किसी अन्य पेय या खाद्य पदार्थ को नहीं है। नब्बे के दशक में जब युवा शीतल पेय पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे थे तो 'दूध दूध दूध दूध' के जिंगल विज्ञापन ने हमें याद दिलाया कि 'दूध' जीवन के लिए 'मोस्ट इंपोर्टेंट लिक्विड' है। यह बात अलग है कि इंडिया आजकल कौनसा दूध पीता है और यह दूध कहाँ से आता है और कहाँ जाता है, कुछ अता पता नहीं है ? दूध में पानी है या पानी में दूध है, कुछ समझ में नहीं आता है। मतलब पानी दूध है या दूध पानी है, अजीब घालमेल है। दूध का पानी से और पानी का दूध से कैसा तालमेल है।दूध में मिलावट की जब खबरें अखबारों में, मीडिया में आतीं हैं तो हमें बहुत डर लगता है और हम सहम सा जाते हैं। हम दूध की महंगाई से उतना नहीं डरते,जितना कि दूध में मिलावट से डरते हैं। खैर, जो भी हो, आदमी को हर वक्त घर में दूध तो चाहिए ही, भले ही कॉफी बनाने के लिए, चाय बनाने के लिए,पीने के लिए, खीर या अन्य मिष्ठान बनाने के लिए। अब, दूध की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसमें 'उफान' बहुत आता है। वैसे भी जिस दूध में 'उफान' नहीं आए, वह दूध ही क्या ? दूध में शक्ति होती है और आपको तो पता ही है कि शक्ति हमेशा बाहर की ओर उफान मारती है। वो हमने सुना है कि आजकल दूध महंगा हो गया है। बहुत उफान मार रहा है। सारी आग दूध में लग गई है। अजी ! आग तो लगेगी ही न, ढ़ोर पालना कौनसा आसान काम है आजकल ? अन्य चीजें महंगी तो दूध को भी अन्य चीजों की बराबरी करनी ही है, अन्यथा दूध अन्य चीजों से पीछे रह सकता है। खैर जो भी हो। सिलेंडर कूदता है तो दूध भी कूद लेता है। अजी ! दूध में तो पहले से ही कुदरत की ओर से उफनने-उफनाने के गुण मौजूद हैं लेकिन बावजूद इसके यह बाजार द्वारा लगातार 'उफाना' जा रहा है। अजी ! दूध की फितरत ही कुछ ऐसी है, वह उफने बिना नहीं रहता। दूध मन ही मन कुलबुलाता रहता है, फनफनाता रहता है। आदमी आजकल दूध खरीदता नहीं है। उसे दूध पर भरोसा नहीं रहा। दूध है कि पानी है। पानी है कि दूध है। दूध में मिलावट है या मिलावट में दूध है। इसीलिए दूध हर एक डेढ़ महीने बाद आदमी को देख यह गाता रहता है-' तू कहाँ ये बता....माने ना मेरा दिल दिवाना... हाय रे ! माने ना मेरा दिल दिवाना...!' बहरहाल, आप कभी अपने गैस स्टोव के पास खड़े हो जाइए, दूध कभी नहीं उफनेगा। गारंटेड नहीं उफनेगा। यकीं मानिए आप। उफन ही नहीं सकता है। लेकिन यदि आपने थोड़ी सी भी उसे(दूध को) अकेला छोड़कर इधर-उधर तांक-झांक कर ली तो यह बरतन के पतले होंठों(किनारों) को छूता हुआ गैस स्टोव व आंगन/फर्श के साथ कुश्ती लड़ता नजर आएगा। खैर, जो भी हो, लोगों में महंगे दूध की बड़ी कसक है। आज चारे के दामों में अभूतपूर्व वृद्धि हो गई। दूध उत्पादकों का मुनाफा कम हो गया। प्रश्न यह है कि बच्चों, बुजुर्गों के लिए दूध आएगा कहाँ से ? दूध 'शक्ति' है लेकिन दूध है कहाँ ? दूध को यूं कसूरवार न ठहराओ कि वह हरदम उफनता है। सारा का सारा कसूर 'दूध' का नहीं है कि वह हरदम उफनता है। आज बेचारी गाएं तो चारे की जगह आज कूड़े के ढ़ेर पर अनगिनत 'पॉलीथीन' खा रहीं हैं। अब गाएं पॉलीथीन खाएंगी तो दूध तो 'उफनेगा' ही न। बारिश नहीं है तो चारा नहीं है। आदमी के पास इस चारे के लिए कोई चारा नहीं है। आज चारा गया मारा। वैसे न, एक पते की बात और बताऊँ कि 'दूध' और 'पराली' में सीधा संबंध पाया जाता है। पराली जल रही है तो दूध भी तो 'जल' रहा है, मतलब उफन रहा है। आज दूध उत्पादन में घोर कमी है लेकिन बाजार में दूध, इससे बने उत्पादों तथा मिठाइयों में कोई कमी नजर नहीं आती। बाजार में मिठाइयों की दुकानें मिठाइयों से उफनी पड़ी हैं। अजी ! दूध 'रसायनों की मिलावट' से भी उफनता ही है। कुल मिलाकर, दूध में उफान के बावजूद बाजार में दूध की बहार है। दूध की यही असली कहानी है।गुस्ताखी माफ। जय राम जी की।

**(आर्टिकल का उद्देश्य पाठकों का मनोरंजन करने तक सीमित है, किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना इस आर्टिकल का उद्देश्य नहीं है।)**


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मैं मूरख खल कामी

डॉ. सुरेश

**एक** दिन मुझे लगा कि मेरे चारों ओर मूर्खों की संख्या अधिक हो गयी है। मुझे इन मूर्खों का पता लगाने की इच्छा हुई। इसके लिए मैंने अपने एक घनिष्ठ मित्र की सहायता ली। चूँकि मेरा मित्र मुझे और मेरे ईर्द-गिर्द रहने वालों को अच्छी तरह से जानता था, सो यह जिम्मेदारी उसे सौंप दी। मैंने उससे कहा कि तुम जल्दी से मूर्खों की सूची बनाओ जिससे मैं वैसे लोगों से दूर रह सकूँ। उनके कारण आए दिन मेरा समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। काफी हाथ-पैर मारने के बाद मित्र ने एक सूची बनायी। सूची देखकर मेरे तोते उड़ गए। मेरे चारों खाने चित्त थे। उस सूची में एक मात्र मेरा नाम लिखा था। यह देखकर मैं अपना आपा खो बैठा। मैंने मित्र से पूछा कि तुम्हें कुछ अक्ल-वक्ल भी है या नहीं? तुम्हें मेरा नाम लिखते हुए शर्म नहीं आयी? तुमने ऐसे-कैसे मेरा नाम लिख दिया? उसने मेरा गुस्सा शांत करने की लाख कोशिश की। मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर था। आव देखा न ताव। बाल नोंचते हुए कहा कि मैं मित्रता बहुत सोच-समझकर करता हूँ। हाँ यह अलग बात है कि इनमें एकाध लोग मूर्ख हो सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि तुम मेरा ही नाम लिख दो। मैं तुमसे शर्त लगाता हूँ कि यदि तुम मुझे मूर्ख साबित कर दोगे तो मैं तुम्हारा हर कहा मानूँगा। इस पर मित्र ने कहा कि सबसे पहले तो आपके दिमाग में यह बात आयी ही क्यों कि कौन बुद्धिमान है और कौन मूर्ख? बुद्धिमान लोगों पर संदेह करना या उनकी बुद्धिमता पर प्रश्नचिह्न लगाना मूर्खों का लक्षण नहीं तो और क्या है? इसीलिए मेरी नजर में आपसे बढ़कर कोई दूसरा मूर्ख हो ही नहीं सकता। मैं अपना आपा खो चुका था। मित्र से कहा कि तुम्हें मैंने मेरे मूर्ख मित्रों की सूची बनाने की जिम्मेदारी क्या सौंप दी, तुम स्वयं को बड़ा बुद्धिमान समझने लगे। तुमने मेरे सभी मित्रों को मूर्ख बताने की बहुत बड़ी भूल की है। मैं तुम्हें यह साबित कर दिखाऊँगा कि मूर्ख मैं नहीं तुम हो। इस पर मित्र ने कहा कि यदि ऐसा होता भी है तो आप ही मूर्ख साबित होंगे। सबसे पहली बात तो यह कि जो व्यक्ति स्वयं को बुद्धिमान मानता हो और वही मूर्ख मित्रों की खोज में लगा हो तो वह मूर्ख नहीं तो और क्या होगा? इसीलिए आपसे बढ़कर मूर्ख और कौन हो सकता है? सच तो यह है कि मूर्ख-वूर्ख नाम का कोई प्राणी होता ही नहीं है। जो हमारे काम आ जाए वह समझदार, बुद्धिमान लगने लगता है।

## शिक्षा में एप्टीट्यूड टेस्ट का महत्व

विजय गर्ग

**एप्टीट्यूड** टेस्ट आपके तार्किक तर्क और सोचने की क्षमता तक पहुँचता है। उनमें बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं और उन्हें उचित परीक्षा के रूप में आयोजित किया जाता है। परीक्षण सख्ती से समयबद्ध हैं। आम तौर पर, दिया गया समय परीक्षण में प्रश्नों की संख्या पर निर्भर करता है। अधिकतर एक प्रश्न के लिए 60 से 90 सेकेंड का समय दिया जाता है। एप्टीट्यूड टेस्ट में कई तरह के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इन विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को इस प्रकार वगीर्कृत किया जा सकता हैः वर्बल एबिलिटीः इसमें एक व्यक्ति के अंग्रेजी बोलने के कौशल शामिल हैं। इसमें वर्तनी और व्याकरण शामिल हैं। यह शब्दों के सटीक अर्थ, गठन वाक्य या वाक्य संरचना, मुहावरों और कहावतों की समझ पर आधारित है। यह जानकारी को समझने, सूचना को याद करने और भाषा अवधारणाओं को समझने जैसे कौशल का परीक्षण करता है। वर्बल एबिलिटी में शामिल प्रश्न निम्न प्रकार के हो सकते हैंः वर्तनी प्रश्न लापता शब्द प्रश्न लापता शब्द प्रश्न पर्यायवाची और विलोम शब्द जोड़ी प्रश्न समझ तार्किक प्रश्न न्यूमेरिक एबिलिटीः इसमें बुनियादी गणित जैसे जोड़, घटाव, गुणा और भाग शामिल हैं। कुछ परीक्षणों में, डेटा व्याख्या भी मौजूद होती है जिसका अर्थ है चार्ट और ग्राफ की व्याख्या। संख्यात्मक क्षमता को गति परीक्षण के रूप में वगीर्कृत किया जा सकता है। गति परीक्षण का अर्थ है कि प्रश्न बहुत सरल हैं और उन्हें हल करने के तरीके बहुत स्पष्ट हैं। यह सिर्फ इस बात पर विचार किया जाता है कि आप दिए गए समय में कितने प्रश्नों का सही उत्तर दे सकते हैं। आपको कैलकुलेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। न्यूमेरिक एबिलिटी में शामिल प्रश्न निम्न प्रकार के हो सकते हैंः अंकगणितीय प्रश्न अनुक्रम और श्रृंखला वर्णमाला द्वारा दर्शाई गई संख्याएँ डेटा व्याख्या सार तर्कः इसमें ऐसे प्रश्न शामिल हैं जिनका वास्तविक दुनिया में बहुत कम या कोई अनुप्रयोग नहीं है। प्रश्न पैटर्न और आकृतियों के बारे में आपकी समझ का परीक्षण करता है और आकृतियों और आकृतियों के बीच समानता और अंतर का भी परीक्षण करता है। इस परीक्षा के लिए किसी शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। स्थानिक तर्कः इसमें चित्र बनाने या उनकी व्याख्या करने की आपकी क्षमता शामिल है।

# राहुल गांधी के मुद्दे को जिला स्तर पर लेकर पहुंची कांग्रेस

## जनता की आवाज उठाने वाले व्यक्ति की आवाज को दबाया जा रहा है: प्रतिमा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी** कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान ने कहा है कि राहुल गांधी सरकार से सवाल पूछने की कीमत चुका रहे हैं। जनवरी में हिंडनवर्ग की एक रिपोर्ट रिलीज हुई थी, जिसकी वजह से देश के सबसे अमीर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अडानी के शेयर तेजी से गिरे, उन्होंने कहा कि अडानी के खाते में 20,000 करोड रुपये कहां से आए, इन सवालों के जवाब न तो सदन में दिए जा रहे हैं और न ही प्रेस के माध्यम से दिए जा रहे हैं।



राहुल गांधी ने यही प्रश्न सदन में उठाया, इसलिए आनन फानन में उन्हें एक पुराने मानहानि के केस में सूरत की कोर्ट से दो साल की सजा कराकर उनकी संसद की सदस्यता समाप्त करा दी गई और साथ ही साथ सरकारी भवन खाली कराने का नोटिस भी दे दिया गया कांग्रेस इसे सहन नहीं करेगी। श्री प्रधान शुक्रवार को कांग्रेस जिला कार्यालय पर पत्रकारों से वर्ता कर रहे थे। इस दौरान महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव अध्यक्षा प्रतिमा सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से लोकतंत्र की दुर्दशा की जा रही है, और राहुल गांधी जैसे निर्भीक और जनता की आवाज को उठाने वाले व्यक्ति की आवाज को दबाया जा रहा है। इसके खिलाफ महिला कांग्रेस लोकतंत्र बचाओ अभियान चलाकर देश के कोने कोने में जाकर भाजपा के कृत्यों को उजागर करेगी। योगेश तालान ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए हमें चाहे जेल ही क्यों न जाना पड़े हम संघर्ष करते रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेठ बाड़ा पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि सत्ता पक्ष द्वारा यह कहा जा रहा है कि अडानी पर हमला देश पर हमला है। लोकतंत्र का गला घोटना और विपक्ष को डराना धमकाना यह सब देश के लिए अत्यंत नुकसान देय है। प्रेस वार्ता के पश्चात जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया गया।

## संगठन ने राकेश टिकैत की महापंचायत के लिए गठित की कमेटी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

छाता में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चैधरी राकेश टिकैत की विशाल पंचायत के लिए जिसके लिए सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक पंचायत छाता तहसील में हुई। पंचायत की अध्यक्षता प्यारेलाल ने तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने किया।



पंचायत में प्राकृतिक आपदा, ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की ओर प्रशासन द्वारा ध्यान न दिए जाने का आरोप लगाया। पंचायत में प्रशासन ने आक्रोश व्यक्त किया। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने कहाकि प्राकृतिक आपदा से किसानों को बडा नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन व वर्तमान सरकार कुंभकरण की नींद सोए हुए हैं। जिसकी भारतीय किसान यूनियन टिकैत कड़े शब्दों में निंदा करता है, अभी तक किसानों के खेतों का सर्वे भी नहीं कराया गया। बीमा कंपनियों द्वारा किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। एक हफ्ते के अंदर जिला प्रशासन ने छाता गोवर्धन तहसील के किसानों की बबार्दी का सर्वे करा कर नुकसान की भरपाई नहीं की को भारतीय किसान यूनियन टिकैत मथुरा जनपद में एक बड़े आंदोलन को मजबूर होगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार और जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी, महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, रणवीर सिंह प्रधान, उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, बिहारी लाल, गोविंद सिह, गोपाल, हरि ओम, रघुनाथ सिंह, श्याम सिंह, राधा किशन, सुरेश पाल, राजकुमार, चरण सिंह, प्रताप सिंह, कमल सिंह, नरेश पाल, शिवराज, श्याम, मुन्नालाल, कमल सिंह, बांकेलाल, राधेलाल, डॉ. वीर सिंह, हरेंद्र कुमार, राजू सिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### रमजान के दूसरे जुमे पर कडी सुरक्षा के बीच हुई नमाज

**मथुरा।** रमजान माह के दूसरे जुमे के दिन कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज अता की गई। संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे दिन सतर्कता बरती गई। वहीं अधिकारियों ने भी नमाजियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। शहर की शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस रमजान के दूसरे जुमे पर बेहद सतर्क रही। शांति व्यवस्था में किसी प्रकार का खलल न पडे इसको लेकर तमाम बंदोबस्त किए गए थे। थाना पुलिस ने शहर की करीब 18 मस्जिदों में हुई नमाज के दौरान सुरक्षा का एक दिन पूर्व ही खाका खींचा था। कस्बा प्रभारी जतिन पाल टीम के साथ मस्जिदों के आसपास शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इंस्पेक्टर अनुज कुमार एवं कस्बा प्रभारी जतिन पाल ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से भी चर्चा की। वहीं पूरे दिन अल्पसंख्यक बाहुल्य इलाकों में सतर्कता बढा दी गई। वहीं शहर के प्रमुख एवं व्यस्त चैराहे पर सुरक्षा के खासे इंतजाम रहे।

### 101 बच्चों का कन्या लांगुरा पूजन किया

**मथुरा।** श्री अग्रसेन मानव सेवा महिला प्रकोष्ठ द्वारा नवीन सत्र का प्रारम्भ दशमी को श्री अग्रवाल अतिथिभवन भरतपुर गेट पर किया गया। अग्रकुल समाज की कुल देवी महालक्ष्मी का दीप प्रज्जलन ममता बिन्दल, सुनीता सिंघल, प्राची अग्रवाल, ज्योति चैधरी व लक्ष्मी गुप्ता द्वारा किया गया। जिसमें मण्डल की सभी महिला सदस्यों द्वारा भजन गायन कर बहनों ने खूब आनन्द लिया व 101 बच्चों का कन्या लांगुरा पूजन किया गया और प्रसाद वितरण हुआ। बहनों ने सभी बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान किये। सभी महिला सदस्यों ने हाऊजी खेली मंच संचालन महामन्त्री प्राची अग्रवाल ने किया। जिसमें आशा अग्रवाल, नीता अग्रवाल, सुनीता चैकसी, पुष्पा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सरिता महालक्ष्मी, स्नेह, मंजूलता, बीना, माया, तृप्ति, शालिनी, रेखा, मंजली, ऊषा गोयल, बबीता आदि उपस्थित थी ।

### खरड़ में ट्रेंड्स ने खोला अपना स्टोर

**खरड़ (मोहाली):** देश की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पैशलिटी चैन – ट्रेंड्स ने मोहाली जिले के खरड़ में अपना स्टोर खोला है। कंपनी ने देश में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1 और 2 शहरों तथा छोटे छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क मजबूत कर फैशन को घर घर पहुंचाने का प्रयास किया जबकि ट्रेंड्स भारत का मनपंसद फैशन स्थल है। नया खुला यह स्टोर आधुनिक शैला से बनाया गया है और यहां फैशन का सामान किफायती दरों पर उपलब्ध है। 4753 स्केयर फीट में फैला यह स्टोर खरड़ के अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर सामान विशेष आफर के माध्यम से प्रदान करवा रहा है। आफर 3999 रुपये की खरीद पर 249 रुपये का उपहार प्राप्त किया जा सकता है जबकि 3999 रुपये की खरीदारी पर ही 2000 रुपये का निशुल्क कूपन भी प्राप्त किया जा सकता है।




## मथुरा से गए प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी में संगठन को चुस्त दुरूस्त किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी ने ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पद की कमान बरेली के दुर्विजय सिंह शाक्य को सौंपी है। श्री शाक्य छात्र राजनीति की देन हैं। संगठन में सह मीडिया प्रभारी ब्रज क्षेत्र इंजीनियर वीरभान सिंह चैधरी के नेतृत्व में एक मथुरा से एक प्रतिनिधि मंडल बरेली पहुंचा और ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को बधाई दी। मुलाकात के बाद वीरभान सिंह ने कहाकि श्री शाक्य से मिलकर पार्टी कार्यकर्ता खुद को उजार्वान महसूस करते हैं। द्वारकाधीश महाराज का पटुका एवं प्रसाद दिया। अध्यक्ष ने द्वारकाधीश महाराज जी का प्रसाद माथे से लगाकर ग्रहण किया। श्री शाक्य कार्यकताओं ने गर्मजोशी से मिलते हैं और उनका हौंसला बढाते हैं। कार्यकर्ता उनसे मुलाकात करने के बाद प्रफुल्लित हो जाता है। इस दौरान रवि कुंतल, वीरेंद्र प्रधान, हाकम सिंह राणा, देशराज सेठ, मेहताब कुंतल, संदीप चैधरी आदि मौजूद रहे।



## दिव्यांगों को 488 उपकरणों का नि :शुल्क वितरण

**मथुरा:** छह से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए गए। विधान सभावार, विकास खण्ड़ छाता, विकास खण्ड़ मांट एवं विकास खण्ड़ गोवर्धन में सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खण्ड़ छाता में मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी द्वारा 52 हस्तचालित ट्राईसाईकिल, 39 एमआरकिट, 42 व्हील चेयर, 13 ब्रेल किट, 30 श्रवन यंत्र, 13 स्मार्ट केन का नि :शुल्क वितरण किया गया। विकास खण्ड़ मांट में विधायक राजेश चैधरी द्वारा 43 हस्तचालित ट्राईसाईकिल, 63 एमआरकिट, 53 व्हील चेयर, 10 ब्रेल किट, 47 श्रवन यंत्र, 10 स्मार्ट केन तथा विकास खण्ड़ गोवर्धन में विधायक मेघश्याम सिंह द्वारा 15 ट्राईसाईकिल, 22 एमआरकिट, 18 व्हील चेयर, चार ब्रेल किट, 10 श्रवन यंत्र, चार स्मार्ट केन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चयनित पात्र दिव्यांगजनों को नि :शुल्क वितरण किया गया।

## 'राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से घबरा गई है बीजेपी'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**हरियाणा** प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं पानीपत जिला प्रभारी भीमसेन मेहता ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद भाजपा घबरा गई है और भाजपा द्वारा राहुल गांधी की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन देश की जनता के हितों की आवाज उठाने वाले की आवाज कभी दब नहीं सकती। पूरे देश की जनता आज राहुल गांधी के साथ खड़ी है। मेहता ने कहा कि आज लोकतंत्र के ऊपर खतरा मंडरा रहा है और इसको दूर करने के लिए भाजपा का सफाया करके कांग्रेस पार्टी को सत्ता मे लाना होगा। भीमसेन मेहता शुक्रवार का जीटी रोड लाल बत्ती स्थित कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की जनता का ध्यान बंटकाने के लिये भाजपा द्वारा इस तरह के काम किये जा रहे है लेकिन देश व प्रदेश की जनता ने अब 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने को तैयार बैठी है। पत्रकारों के सवाल पर मेहता ने कहा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष उदय भान,नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में जल्द ही संगठन की घोषणा की जाएगी। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वरिंद्र बुल्ले शाह ने नगर निगम में प्रॉपर्टी आईडी व एनडीसी के चलते लोगों को हो रही परेशानी पर कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर जिस ऑनलाइन पोर्टलों की वजह से लोग परेशान हैं।



## संदिग्ध परिस्थितयों में महिला की मौत

**मथुरा।** बल्देव क्षेत्र के गांव छौली में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है। मृतका के भाई ने थाना बल्देव में तहरीर दी है। थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी ने बताया पुलिस को सूचना मिली कि गांव छौली में एक महिला को जलाकर मार दिया गया। पुलिस ने जब लोगों से पूछताछ की तो गांव वालों ने बताया महिला ने कमरे में खुद को आग के हवाले किया है और उसकी जलकर मौत हो गई है। मृतका की शादी करीब 22 वर्ष पहले लाखन सिंह से हुई थी। लाखन सिंह की मृत्यु वर्ष 2002 में हो गई थी। मकान में मृतका गीता (45) निवासी गांव छौली व बेटा पीयूष (22) रहते थे।

## कृष्णचंद गांधी विद्यालय में परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

कृष्णचंद गांधी विद्यालय परिसर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना के उपरांत विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एवं गणित प्रवक्ता राजीव पाठक ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम की प्रस्तावना विद्यालय के प्रधानाचार्य हुकम चंद चैधरी ने प्रस्तुत की। विद्यालय परीक्षा का सार केशव सिंह परमार विद्यालय परीक्षा प्रमुख द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत पुरस्कार वितरण हुआ। इसमें परीक्षा में कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के छात्र द्वारा एकल गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अमित जैन जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद द्वारा छात्रों को उत्साहवर्धन हेतु उद्बोधन प्राप्त हुआ छात्रों को विज्ञान, कला, संस्कृत ज्ञान परीक्षा एवं शत प्रतिशत उपस्थिति के भी पुरस्कार प्रदान किए गए। छात्रों को प्रदीप अग्रवाल मंत्री ब्रज बाल कल्याण समिति द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक कीर्ति मोहन सर्राफ द्वारा आभार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजीव पाठक ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।



**8 विद्यालय परीक्षा का सार केशव सिंह परमार विद्यालय परीक्षा प्रमुख द्वारा प्रस्तुत किया गया**

इस अवसर पर मुनेश कुमार, सुरेश कुमार, सीताराम, महेश शर्मा, नरेंद्र कुमार, उमेश शर्मा, बालकृष्ण, ज्योति गुप्ता, रविंद्र प्रताप, सुरभि शर्मा, लोकेश यादव, दिव्या गुप्ता, बलराम शर्मा, हितेश कुमार, लोकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## राम जन्मोत्सव पर शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**मथुरा:** श्री रामलीला सभा के तत्वाधान में चित्रकूट से राम जन्म की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। प्रातः भगवान श्री राम के विग्रह का दिव्य पंचामृत अभिषेक विधिविधान से सम्पन्न हुआ। सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, प्रधानमंत्री मूलचन्द गर्ग, प्रदीप सर्राफ पीके, बांकेलाल, कृष्ण मुरारी, अजय मास्टर, राजकुमार अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, पं. शशांक पाठक, संजय, सुरेन्द्र खोना, हेमन्त अग्रवाल, मुकेश सर्राफ, प्रवीण अग्रवाल ने सहभागिता की। सायं को चित्रकूट से विभिन्न कलात्मक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा चित्रकूट से प्रारम्भ होकर मसानी, कच्ची सड़क, लाल दरवाजा, गुड़हाई बाजार, चैक बाजार, कसेरठ बाजार, स्वामी घाट, विश्राम घाट होली गेट, कोतवाली रोड होती हुई भरतपुर गेट पर अग्रवाल अतिथि भवन पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे पहले बैनर, घोड़ा, ऊँट, ताशे, गणेशजी की झांकी, प्रिन्स बैण्ड, झांकी खाटू श्यामजी, बुलन्दशहर से शिव नृत्य रोड़ शो, झांकी महाकाल, काली अखाड़ा, झांकी कैला देवी, श्रीराम को झूला झूलाती माता कौशल्या की झांकी, प्रकाश बैण्ड एवं श्री राम जी का रथ शामिल था। इस अवसर पर गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, मूलचन्द गर्ग, शैलेश सर्राफ, प्रदीप सर्राफ पीके, विजय सर्राफ करोड़ी, प्रमोद गर्ग कसेरे, सुभाषचन्द सिक्का, राजकुमार वृन्दावन, महावीर मित्तल, पं. शशांक पाठक, शेलू हकीम, संजय बिजली, अजय कान्त गर्ग, विनोद अग्रवाल, हिमांशु सूतिया, राजनारायण गौड, राजीव शर्मा, चिन्ताहरण चतुर्वेदी, गोपाला चतुर्वेदी, ठाकुर ओमप्रकाश एमएलसी, उमेश, सुरेन्द्र खोना, मनीष गर्ग, संजय हरियाणा, सर्वेश शर्मा इत्यादि उपस्थित थे ।

## अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड ने सेबी के सामने डीआरएचपी फाइल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। अपडेटर सर्विसेज लिमिटेड भारत में एक अग्रणी, केंद्रित और इंटीग्रेटेड बिजनेस सर्विसेज प्लेटफॉर्म है, जो देशव्यापी उपस्थिति के साथ अपने ग्राहकों को इंटीग्रेटेड फेसिलिटी मैनेजमेंट (आईएफएम) सेवाएं और बिजनेस सपोर्ट सेवाएं (बीएसएस) प्रदान करता है। एफ एंड एस रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी भारत में आईएफएम बाजार में दूसरी सबसे बड़ी खिलाड़ी है और उद्योग में सबसे व्यापक सेवाओं की पेशकश करती है, जो उन्हें बाजार में इसे सबसे अलग खिलाड़ी बनाती है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से फंड जुटाने की योजना बना रही है जिसमें (ए) 4,000 मिलियन ( 400 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और (बी) 13,300,000 (1.33 करोड़) इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य 10 है।

## मनकामेश्वरी देवी मंदिर पर आतिशबाजी से जगमग हुआ आकाश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

राया के गणेशबाग स्थित माता मनकामेश्वरी देवी मंदिर पर नवमी को प्रसिद्ध आतिशबाजी मेला का शुभारंभ हुआ। आतिशबाजी मेला और मातारानी के दर्शनों को लेकर देर रात्रि तक लोगो की भीड़ उमड़ती रही। मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यू एड, स्पेशल पोस्को कोर्ट मथुरा अलका उपमन्यु एड. ने सयुक्त रूप से आतिशबाजी का बटन दवाकर शुभारम्भ किया। इस दौरान दानपुर से आये कमरूद्दीन, हाथरस से महेश, हरदुआगंज से विनोद दानपुर से रोशन ने अपनी अपनी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। लोगों को आकर्षित कर ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। आतिशबाजी प्रदर्शन से पूरा आकाश सतरंगी हो गया। इससे पूर्व मंदिर महंत मनोज नागर, अध्यक्ष विशाल पराशर, महामंत्री मनोज वार्ष्णेय द्वारा मुख्य अतिथियों को माता की चुनरी ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। कमेटी द्वारा मेला में सहयोग प्रदान करने वालो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ कमलकांत उपमन्यु ने कहाकि ब्रज के प्रमुख मेले परम्पराओं लोककला ओर संस्कृति को बढ़ाबा देते हैं। वहीं अलका उपमन्यु ने कहाकि बदलते बक्त मे ब्रज के मेले हमारी संस्कृतिक बिरासत को बढ़ाने मे अहम भूमिका निभा रहे। राया कस्वे के गणेशबाग स्थित माता मनकामेश्वरी देवी प्रांगण मे बिगत 67 वर्षो से चेत्र नवरात्रो की नवमी पर आतिशबाजी प्रदर्शन के उपरान्त रसिया दंगल का आयोजन किया जाता है । इस वार रसिया दंगल गुलजारी अखाडा अलीगढ़ व अटल अखाडा संभु बागड़ी मे मध्य आयोजित किया जाना था जिसे देखने के लिए दर्शक भारी संख्या मे एकत्रित हुए थे।



## 'दोनों मृतक सफाईकर्मियों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा मिले'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत में बरसत रोड पर नूरवाला अड्डे के पास सीवर में एक सफाई कर्मी सहित दो युवकों की हुई मौत मामले में शुक्रवार को मृतकों के परिजनों और कालोनी वासियों ने सिविल अस्पताल में कई घंटे तक हंगामा किया। अस्पताल पहुंचे सैकड़ों महिलाओं व पुरूषों ने रोष जताते हुए कहा कि दोनो मृतकों सफाई कर्मी जयभगवान और ट्रांसपोटर सुरेंद्र पाल के परिजनों को 50-50 लाख रूपए मुआवजा देने और दोनो के परिवारों में से एक-एक को सरकारी नौकरी देने की मांग की। जबकि आईएमडी कंपनी के सफाई सुपरवाईजर जसबीर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके गिरफ्तार करने की मांग की गई। परिजनों व अन्य लोगों ने कहा कि जब तक उनकी सारी मांगें पूरी नहीं होती तब तक वे मृतकों के शवों को शव गृह से लेकर नहीं जाएगे। वहीं एसडीएम विरेंद्र ढूल, डीएसपी संदीप, नायब तहसीलदार बलवान सिंह, नगर निगम के एक्सईएन राहुल पुनिया भी अस्पताल पहुंचे और एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने परिजनों व अन्य लोगों को निप्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया लेकिन बात नहीं बन पाई। लोगों के हंगामे व सैकड़ों लोगों की संख्या को देखते हुए तहसील कैप थाना प्रभारी फूल कुमार, थाना शहर प्रभारी जाकिर हुसैन व चांदनी बाग प्रभारी नरेंद्र सहित विभिन्न थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ सिविल अस्पताल में मौजूद रहे। वाल्मीकि समाज के प्रधान गोविंदा लाहौट और आजाद सिंह पूनिया सहित कई नेता प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत करते रहे। कांग्रेस की तरफ से पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता एवं बिजेंद्र कादियान, वरिष्ठ नेता वरिंद्र बुल्ले शाह, कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, दीपक खटखड व धमेंद्र अहलावत भी दोपहर करीब एक बजे सिविल अस्पताल पहुंचे और सारे मामले की जानकारी ली गई। कांग्रेस नेताओं ने भरोसा दिया कि दोनो मृतकों को इंसाफ दिलाने के लिये पार्टी उनके साथ खड़ी है।



## उम्मीदों को झटका, इंजीनियर बोले केवल एक पुल ही प्रस्तावित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुर**

शहर में हाईवे पर फिलहाल केवल एक ही पुल का निर्माण की योजना है। जिसको लेकर राजमार्ग प्राधिकरण के इंजीनियरों की टीम जुटी हुई है। इसी के साथ शहर में जगह जगह ओवर ब्रिज बनवाए जाने के दावे भी खोखले होते नजर आ रहे हैं। इंजीनियरों की टीम ने बॉर्डर से लेकर मथुरा तक चार ओवर ब्रिज का सर्वे किए जाने की जानकारी दी है। जिसमें एक कोसी में बाकी मथुरा से आगरा की सीमा में आते हैं। हाईवे के दूसरी ओर बसी कालोनियों में बडा तबका रहता है। हाईवे के कट बंद होने से आवागमन की समस्या पैदा हो गई है। जिसको लेकर काफी दिनों तक ओवर ब्रिज बनाए जाने के लिए भी आंदोलन भी हुआ। लेकिन सब बेनतीजा रहा। हालांकि ओवर ब्रिज का मुददा आम दिनों से लेकर चुनावी समर में भी खूब सुर्खियां बटोरता है। कुछ जनप्रतिनिधि इसको लेकर काफी गंभीरता से लगे हुए हैं। शहर के जनप्रतिनिधि ने विभिन्न माध्यमों के जरिए जनता की इस मांग को अधिकारियों से लेकर केंद्रिय स्तर के मंत्रियों तक रखा है। इसको लेकर वे ओवर ब्रिज निर्माण का सपना भी दिखा चुके हैं। लेकिन रेलवे लाइन पर पुल निर्माण का सर्वे कर रहे इंजीनियरों की मानें तो अभी कोसीकलां में केवल एक पुल के सर्वे के अलावा कोई भी पुल प्रस्तावित नहीं है। उन्होंने बताया कि कोसीकलां में केवल हाईवे किलो मीटर संख्या 103 पर पुल प्रस्तावित है। जबकि इसके अलावा और कोई पुल की जानकारी नहीं है। इसके अलावा किमी संख्या 140, 156, 148 पर भी पुल बनाए जाने के लिए सर्वे किया जाएगा सर्वे कर रही इंजीनियरों की टीम के अनुसार यहां अभी तक अन्य किसी भी पुल के निर्माण की योजना नहीं है।

## जयपुर में क्रिकेट स्टेडियम के लिए हिंदुस्तान जिंक व आरसीए ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**जयपुर।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने जयपुर के चौंप गांव में क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए बृहस्पतिवार को यहां राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दावा है कि यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह भारत के खेल बुनियादी ढांचे में सबसे बड़े कॉरपोरेट निवेशों में से एक है। इसके तहत कंपनी स्टेडियम के लिए 300 करोड़ रुपये खर्च करेगी और स्टेडियम का नाम 'अनिल अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, जयपुर' रखा जाएगा। एमओयू पर आरसीए सचिव भवानी शंकर समोता और हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष व आरसीए के मुख्य संरक्षक डॉ. सी.पी. जोशी तथा अन्य लोग मौजूद रहे। स्टेडियम की सुविधाएं कुल मिलाकर 100 एकड़ में फैली होंगी और इसमें 75,000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

## सैतेजा मुक्कमल्ला का शतक, अमरीका ने यूएई को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप क्वालिफायर प्लेऑफ 2023 के अहम मुकाबले में संयुक्त राज अमरीका की टीम ने विंडहोक के मैदान पर अपने मध्यक्रम बल्लेबाज सैतेजा मुक्कमल्ला के शतक की बदौलत पांच विकेट से जीत हासिल कर ली। इससे पहले यूएई ने आसिफ खान के 84 गेंदों में 103 रन की बदौलत 279 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी अमरीका ने सैतेजा के शतक तो कप्तान मोनांक पटेल के 50 रनों की बदौलत जीत हासिल कर ली। मैच की शुरूआत में यूएई ने खराब शुरूआत की थी। ओपनर कप्तान मोहम्मद वसीम दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। आर्यन लाकड़ा और विकेटकीपर बल्लेबाज अरविंद ने टीम का स्कोर आगे बढ़ाया। अरविंद 68 गेंदों में 57 रन बनाने में सफल रहे। रमीज शहजाद ने 20 गेंदों में 15 तो मुस्तफा ने 53 गेंदों में 38 रन बनाए। मध्यक्रम में आसिफ ने तेजतर्रार बल्लेबाजी की और 84 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 103 रन बनाकर स्कोर 279 तक पहुंचा दिया। अमरीका की ओर से जैसी सिंह ने 54 रन देकर दो, निसारग पटेल ने 35 रनों पर दो तो अली खान और नटराजाल्कर को 1-1 विकेट मिला। जवाब में खेलने उतरी अमरीका की विकेटकीपर बल्लेबाज शायान जहांगीर और सुशांत मोदानी ने सधी हुई शुरूआत दी। तीसरे नंबर पर आए सैतेजा मुक्कमल्ला ने एक छोर संभाला और कप्तान मोनाक पटेल के साथ मिलकर 102 रन की पार्टनरशिप की। मोनाक ने 61 गेंदों में 50 रन बनाए। एरोन जोंस के 5 रन बनाकर आऊट होने के बाद भी शैतजा रुके नहीं। उन्हें गजानंद सिंह (23) ने भी सहारा दिया। शैतला ने 114 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 120 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। यूएई की ओर से जुनैद सद्दीकी 49 रन देकर तीन विकेट लिए।

## नवाब नगरी लखनऊ पहली बार करेगी आईपीएल की मेजबानी

**लखनऊ।** पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेजबानी कर रही नवाब नगरी लखनऊ में क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। मैचों के दौरान क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए लखनऊ मेट्रो ने मैच वाले दिन रात 1230 बजे तक संचालन जारी रखने की घोषणा की है। इसी क्रम में गुरूवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) थीम पर मेट्रो ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ।

एलएसजी के करन शर्मा, युद्धवीर सिंह और मोहसिन खान के साथ टीम के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी सुशील कुमार ने एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन का उद्घाटन किया। यही नहीं, क्रिकेट प्रेमी बच्चों, नन्हे खिलाड़ियों व टीम के क्रिकेटर्स के साथ केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक यात्रा भी की। इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। कई बच्चों ने तो खिलाड़ियों के साथ सेल्फी ली और आटोग्राफ भी लिए। मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि आईपीएल सीजन के दौरान इकाना स्टेडियम में रात तक होने वाले मैचों के दौरान एलएसजी थीम की यह ट्रेनें देर रात 12:30 बजे तक चलेंगी और बाकी दिनों में अपने नियमित समय पर चलेंगी। क्रिकेट प्रेमियों के लिए डे-नाइट आईपीएल मैचों के दौरान इकाना स्टेडियम तक आने जाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। एलएसजी टीम प्रबंधन के साथ हाथ मिलाते हुए लखनऊ मेट्रो की टीम भी लखनऊ सुपर जाइंट्स को चीयर करने और सपोर्ट करने के लिए तैयार है। मैच देखने वालों के लिए मेट्रो प्रबंधन एलएसजी थीम पर सजी तीन विशेष मेट्रो ट्रेनें चलाएगा। यही नहीं, लखनऊ मेट्रो की ओर से एक सेल्फी प्रतियोगिता भी शुरू की जा रही है और भाग्यशाली विजेताओं को विशेष रूप से खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली एलएसजी टी-शर्ट जीतने का मौका मिलेगा।

## मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट : सिंधु, श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में

**मैड्रिड।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने आधे घंटे से कुछ अधिक समय में इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वारदानी को 21-16 21-14 से हराकर 2023 में अपने पहले क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 21वें नंबर के श्रीकांत ने दूसरे दौर में हमवतन श्री साई प्रणीत को 21-15 21-12 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी करने के बाद से इस सत्र में फॉर्म के लिए संघर्ष कर रही हैं। 2023 में यह पहली बार था जब 27 वर्षीय पूर्व विश्व चैंपियन दूसरे दौर से आगे बढ़ीं। नवंबर 2016 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हुई सिंधु सुपर 300 टूर्नामेंट के अंतिम आठ चरण में डेनमार्क की 25 वर्षीय मिया ब्लिचफेल्ट से भिड़ेंगी।पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत को क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंटा निशिमोटो से



भिड़ना है। निशिमोटो को फ्रांस के अरनौद मर्कले ने दूसरे दौर की प्रतियोगिता में वाकओवर दिया। भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत दूसरे दौर की हार के बाद पुरुष एकल स्पर्धा से बाहर हो गए। जॉर्ज को डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन ने 31 मिनट में 17-21 12-21 से हराया, जबकि रजत को फ्रांस के आठवें वरीय टोमा जूनियर पोपोव ने 14-21 15-21 से हराया।

## यूक्रेन अपने एथलीटों को रूसी खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिबंधित करेगा- ओलेह नेमचिनोव

**मास्को।** यूक्रेन सरकार ने यूक्रेन के एथलीटों को 2024 ओलंपिक के लिए उन क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जिसमें रूसी एथलीट हिस्सा लेंगे। यूक्रेन के मंत्री और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य ओलेह नेमचिनोव ने यह जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय खेल संघों को रूसी और बेलारूसी एथलीटों को तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने की सिफारिश की थी। हालांकि अगर वे यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियान का समर्थन करते हैं या रूसी या बेलारूसी सेना या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों से अनुबंधित हैं तो उन्हें प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं होगी।

नेमचिनोव ने कहा, आज, एक सरकारी बैठक में, यूक्रेन के युवा और खेल मंत्री और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष वादिम हत्सैत के सुझाव पर एक प्रोटोकॉल निर्णय को मंजूरी दी गई



है कि हम केवल उन क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे जहां कोई रूसी नहीं है। बता दें कि फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू करने के बाद आईओसी ने अंतरराष्ट्रीय खेल संघों से सिफारिश की थी कि, रूसी और बेलारूसी एथलीटों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाए। अधिकांश अंतरराष्ट्रीय महासंघों ने शुरुआत में सिफारिश का पालन किया, लेकिन कुछ ने तब से रूस और बेलारूस के एथलीटों को तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी है।

## आइस हॉकी महिला विश्व चैंपियनशिप डिवीजन 3 में इजराइल ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**यरूशलम।** इजराइल ने आइस हॉकी महिला विश्व चैंपियनशिप के ग्रुप बी के डिवीजन तीन में बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। यह इजराइल की महिला टीम के लिए पहली विश्व चैंपियनशिप जीत थी, जिसने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय एरीना में डेब्यू किया है। इजराइल ने इस प्रकार तीन-टीम समूह में 1-3 जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ अपने अभियान को पूरा किया, जबकि बोस्निया वर्तमान में टूर्नामेंट में 1-2 से आगे है।

सर्बिया, जो 3-0 का रिकॉर्ड रखता है और टूर्नामेंट के समापन मैच में शुक्रवार को बोस्निया का सामना करेगा, ने ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल किया है। मैच के शुरू होने के केवल 49 सेकेंड बाद ही पनीना बसोव गोल कर इजराइल को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद ओरी जिओनी ने 44वें मिनट में गोल कर स्कोर दोगुना कर दिया, लेकिन एमिना सोपोविक ने एक मिनट से भी कम समय में गोल कर स्कोर को 1-2 कर दिया। लोटेम अरमोजा और शनि कोटलर ने क्रमशः 46वें और 51वें मिनट में गोल कर इजराइल की जीत पक्की कर दी।

## उप-कप्तान की भूमिका एक क्रिकेटर के रूप में मेरी व्यक्तिगत वृद्धि को दर्शाती है : अक्षर पटेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला खिलाड़ी अक्षर पटेल ने शुरू होने वाले टाटा आईपीएल 2023 के लिए उप-कप्तान की भूमिका लेने को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। अक्षर ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'मुझे उप-कप्तान की भूमिका सौंपा जाना एक क्रिकेटर के रूप में मेरी व्यक्तिगत वृद्धि को दर्शाता है। मैं नई भूमिका को लेकर उत्साहित हूं। यह मेरी और डेविड की जिम्मेदारी होगी कि दस्ते में प्रत्येक और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे। अक्षर ने चार साल



बाद दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैदान पर लौटने के बारे में भी बात की, उन्होंने कहा, जब मैं डीसी कैंप में शामिल होता हूं तो हमेशा एक अलग अहसास होता है। रिकी से मिलना और टीम में अपनी नई भूमिका के बारे में उनसे बात करना बहुत अच्छा था। डीसी प्रशंसकों द्वारा इतने सालों के बाद हमारे घरेलू मैदान पर स्वागत किया जाना अच्छा है। डीसी प्रशंसक इस सीजन में अरुण जेटली स्टेडियम में हमारे लिए उत्साहित होंगे। दिल्ली के उपकप्तान ने ऋषभ पंत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, उन्होंने कहा, मैं ऋषभ पंत के साथ लगातार संपर्क में हूं। हम निश्चित रूप से उन्हें मिस करेंगे और हम कामना करते हैं कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कोई भी ऋषभ की कमी को पूरा नहीं कर सकता है। पूरा डीसी परिवार उनके ठीक होने और क्रिकेट में उनकी जल्द वापसी की दुआ कर रहा है। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2023 के अपने पहले मैच में शनिवार, 01 अप्रैल 2023 को लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी।

## आईडब्ल्यूएल 2023 के लिए समूहों की घोषणा, 16 टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया

**नई दिल्ली।** आगामी भारतीय महिला फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) के समूहों की घोषणा यहां फुटबॉल हाउस में ड्रॉ के बाद की गयी। ड्रा में उपस्थित लोगों में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन भी थे।

इस अवसर पर डॉ. प्रभाकरन ने कहा, 'हीरो आईडब्ल्यूएल का यह सीजन एक अधिक प्रतिस्पर्धी लीग की योग्यता टूर्नामेंट की तरह है जो अगले अभियान में प्रभावी होगा। सभी 16 टीमों को मेरी शुभकामनाएं, जो हीरो आईडब्ल्यूएल का हिस्सा होंगी। हमने कई क्लबों के साथ बैठक की। भारतीय महिला फुटबॉल के विकास के लिए एक समग्र स्थिति बनाने के लिए सभी तरह के प्रयास किए गए हैं। आईडब्ल्यूएल 25 अप्रैल से शुरू होगा। लीग में 16 टीमें दो समूहों में विभाजित होंगी। प्रत्येक समूह की शीर्ष चार टीमें नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिसमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। शीर्ष आठ



टीमों को अगले सीजन के आईडब्ल्यूएल में सीधे स्लॉट भी मिलेंगे, जो होम-एंड-अवे आधार पर खेले जाएंगे।

**समूहीकरण:**

ग्रुप ए: गोकुलम केरल एफसी, माता रुक्मणी एफसी, एचओपीएस एफसी, मिसाका यूनाइटेड एफसी, कहानी एफसी, ईस्ट बंगाल एफसी, स्पोर्ट्स ओडिशा और मुंबई नाइट्स एफसी।

**ग्रुप बी:** सेतु एफसी, किकस्टार्ट एफसी, सेल्टिक क्वीस एफसी, ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन, सीआरपीएफ एफसी, चर्चिल ब्रदर्स एफसीजी, लॉर्ड्स एफए कोच्चि और ओडिशा एफसी।

## अंडर-17 एशियाई कप के ग्रुप डी में भारत, इन 3 टीमों से होगा सामना

**बैंकॉक।** भारत को 15 जून से थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 के लिए ग्रुप डी में रखा गया है। एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) ने यहां आयोजित टूर्नामेंट के ड्रा समारोह में इसकी घोषणा की। भारत को ग्रुप स्टेज में जापान, वियतनाम और उज्बेकिस्तान का सामना करना होगा। भारतीय अंडर-17 पुरुष टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा, 'ड्रॉ में हमें जो ग्रुप मिला है उससे हम सभी उत्साहित हैं। हम कुछ अच्छे विरोधियों का सामना करेंगे और खिलाड़ी वास्तव में इसका इंतजार कर रहे हैं। हर स्तर पर हर फुटबॉलर सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहता है, और जापान निश्चित रूप से एशिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पिछले बैच निश्चित रूप से उज्बेकिस्तान और वियतनाम जैसी टीमों के खिलाफ खेले हैं। हमें उनके खिलाफ कुछ अच्छे नतीजे मिले हैं, इसलिए हम (फीफा अंडर-17) विश्व कप के



लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय टीम बनने के अपने लक्ष्य को पूरा करने को लेकर उत्साहित है।' प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरणों में आगे बढ़ेंगी, जिसमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें फीफा अंडर-17 विश्व कप पेरू 2023 के लिये क्वालीफाई कर लेंगी। एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के सभी मुकाबले बैंकॉक के राजमंगला स्टेडियम, पथुम थानी के थम्मासैट स्टेडियम और बीजी स्टेडियम और चोनबुरी के चोनबुरी स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। ग्रुप डीः जापान, भारत, वियतनाम, उज्बेकिस्तान।

## भारत के अरविंद चितांबरम नें जीता 20वां दिल्ली इंटरनेशनल शतरंज , सेथुरमन को तीसरा स्थान

**नई दिल्ली।** पिछले एक सप्ताह से नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे 45 लाख रुपेय पुरुस्कार राशि वाले 20वें दिल्ली इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट का खिताब भारत के दूसरे वरीय ग्रांड मास्टर अरविंद चितांबरम नें जीत लिया है । 2020 में अभिजीत गुप्ता , 2022 में अर्जुन एरिगासी और 2023 में अब अरविंद चितांबरम की जीत के साथ ली लगातार तीन बार भारतीय खिलाड़ियों नें इस खिताब को जीतने का नया रिकॉर्ड बना दिया है । अब तक हुए 20 खिताब में से 12 बार विदेशी



खिलाड़ियों नें तो 8 बार भारतीय खिलाड़ियों नें इस खिताब को अपने नाम किया है । अंतिम राउंड में अरविंद नें 2019 के विजेता जॉर्जिया के लेवान पंट्सुलिया को पराजित करते हुए 9.5 अंको के साथ खिताब जीता , 9 जीत और 1 ड्रॉ के साथ अरविंद नें अपराजित रहते हुए अपनी रेटिंग में 15 अंक भी जोड़े , जॉर्जिया के लूका पाइचादे नें अंतिम राउंड में रूस के अलेक्सी फेड्रोरोव को मात देकर 9 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया तो टॉप सीड भारत के एसपी सेथुरमन नें उज्बेकिस्तान के मुखिद्दीन मदमीनोव को पराजित करते हुए बेहतर टाईब्रेक के आधार पर 8.5 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया ।

## हॉकी इंडिया ने खेल के विकास के लिए उठाया बड़ा कदम, देश भर में बांटेगा 11,000 हॉकी स्टिक

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भारत भर में खेल के विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी राज्य सदस्य इकाइयों और हॉकी अकादमियों को 11,000 से अधिक हॉकी स्टिक, 3,300 हॉकी बॉल और अन्य महत्वपूर्ण खेल सुरक्षा उपकरण वितरित करने की घोषणा बुधवार को की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि यह पहल इस देश में नवोदित हॉकी खिलाड़ियों को बेहतर बनने में मदद करेगी।

उन्होंने कहा, ''हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में महत्वाकांक्षी हॉकी खिलाड़ियों को उनके करियर के शुरुआती दौर में



उचित उपकरण मिले। देश भर में सदस्य इकाइयों और विभिन्न हॉकी अकादमियों को उचित संसाधनों से लैस करने की पहल की गयी है, जो भारत के सभी क्षेत्रों में खिलाड़ियों के विकास में मदद करेगी।' हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हॉकी इंडिया की सभी सदस्य इकाइयां और हॉकी अकादमियां उन सभी चीजों से सुसज्जित हों जिनकी उन्हें खेल का विकास करने के लिये आवश्यकता है। हमारे पास देश के सभी क्षेत्रों में प्रतिभा की भरमार है। हमारा उद्देश्य उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपकरण प्रदान करना है जो उन्हें हॉकी करियर के शुरुआती चरणों में उनके विकास में मदद कर सके।'

## प्रेमिका की हत्या करने वाला एथलीट हो सकता है रिहा, जीत चुका है 6 गोल्ड मेडल

**केपटाउन।** पूर्व ओलंपिक एथलीट ऑस्कर पिस्टोरियस ने पेरोल के लिए आवेदन किया है और उम्मीद की जा रही है इस मामले की सुनवायी शुक्रवार को होगी। पिस्टोरियस अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकैंप की 2013 में गोली मारकर हत्या करने का आरोप साबित होने के बाद 13 साल पांच महीने जेल की सजा काट रहे हैं। वह इस घटना के 10 साल बाद जेल से रिहा हो सकते हैं। रीवा के माता-पिता बैरी और जून स्टीनकैंप ने कहा है कि वे पिस्टोरियस की रिहाई का विरोध करेंगे।

बैरी ने बेटी की हत्या की 10वीं बरसी पर पिछले महीने प्रकाशित ब्रिटेन के डेली मेल अखबार के साथ एक साक्षात्कार में कहा था, ''वह एक हत्यारा है। उसे जेल में



रहना चाहिए।' सुधार विभाग ने पिस्टोरियस की सुनवाई से जुड़ी जानकारी यह कहते हुए देने से इनकार कर दिया कि यह किसी अन्य पेरोल सुनवाई की तरह 'एक आंतरिक मामला' है। ऐसे मामलों में फैसला लेने वाला बोर्ड इस बात पर विचार करेगा कि पिस्टोरियस को किस अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, जेल में रहते हुए उसका आचरण और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड कैसा है? उसने शैक्षिक या अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में किस तरह से भाग लिया और उनकी मानसिक तथा शारीरिक स्थिति कैसी है? क्या उसके फिर से 'अपराध की ओर लौटने' की संभावना है? और क्या वह जनता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है।

बता दें कि पिस्टोरियस पैरालिम्पिक में वे 6 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। 2012 के लंदन ओलिंपिक में भी वे उतरे थे। नकली पैरों के साथ ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले वे दुनिया के पहले एथलीट थे। 400 मीटर रेस में वे सेमी फाइनल तक क्वालिफाई करने में भी सफल हुए थे। सेमी फाइनल में वे 8वें पायदान पर रहे थे। लंदन ओलिंपिक में कमाल करने के बाद वे एथलेटिक्स वर्ल्ड के हीरो बन गए थे, लेकिन महज एक साल बाद गर्लफ्रेंड की हत्या के बाद वे हीरो से जीरो बन गए।

## मियामी ओपन :एकातेरिना एलेक्ज़ेंड्रोवा को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची पेट्रा क्वितोवा

**मियामी।** चेक गणराज्य की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने रूसी खिलाड़ी एकातेरिना एलेक्ज़ेंड्रोवा को हराकर अपने करियर में पहली बार मियामी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरूवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले मे क्वितोवा ने एकातेरिना के खिलाफ 6-4, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। दो बार की विंबलडन चैंपियन क्वितोवा चौथी बार मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी, हालांकि वह कभी इसके आगे नहीं बढ़ी थी। सेमीफाइनल में क्वितोवा का सामना रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया से होगा, जिन्होंने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर 2 आर्यना सबालेंका को हराकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत हासिल की क्वितोवा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे कहना होगा कि यह मैच मानसिक रूप से कठिन था। एकातेरिना ने अद्भुत खेल दिखाया। मैं कहूंगी कि वह वास्तव में गेंद को बहुत स्पष्ट रूप से हिट कर रही थीं और उनकी कुछ सर्विस का सामना करना वास्तव में कठिन था। उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से बहुत मायने रखता है। यह एक बड़ा टूर्नामेंट है। मैं वहां कभी भी सेमीफाइनल में नहीं पहुंची थी, इसलिए यह मेरे लिए खास है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मेरी सर्विस ने महत्वपूर्ण क्षणों में मेरी मदद की, खासकर तीसरे सेट में, जब ब्रेक का मौका आया। मैंने इसे लिया, और हाँ, यह अंत में बहुत भावुक था। मैं बहुत खुश हूँ कि किसी तरह मुझे जीतने का एक तरीका मिला।

# कानपुर के सबसे बड़े कपड़ा मार्केट में भीषण आग

**6 कॉम्प्लेक्स की 800 से ज्यादा दुकानें जलीं, सेना ने संभाला मोर्चा; 1 मिसिंग, अरबों रुपए के नुकसान होने की आशंका है। आग लगने की जानकारी मिलते ही पूरा प्रशासन हरकत में आ गया**

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**कानपुर के बां**समंडी स्थित एआर टावर में देर रात 1.30 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से 6 कॉम्प्लेक्स की करीब 800 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गईं। जिससे अरबों रुपए के नुकसान होने की आशंका है। आग लगने की जानकारी मिलते ही पूरा प्रशासन हरकत में आ गया। सेना, एयरफोर्स, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभाला है। कानपुर, उन्नाव, लखनऊ समेत आस-पास के कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। होलसेल मार्केट में लगी आग 15 घंटे बाद भी नहीं बुझाई जा सकी है। कॉम्प्लेक्स में रुके एक शख्स के मिसिंग होने की जानकारी सामने आई है।

**तेज हवाओं से विकराल हुई आग:** आग सबसे पहले एआर



टावर में दुकानों के बाहर रखे सामान में लगी। तेज हवाओं के कारण आग ने पल भर में ही कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद देखते ही देखते पूरा तीन मंजिला टावर धधकने लगा। इसके बाद आग हमराज कॉम्प्लेक्स, नफीस टावर, अर्जन कॉम्प्लेक्स, मसूद कॉम्प्लेक्स और सुपर हमराज कॉम्प्लेक्स तक फैल गई। इन 6 कॉम्प्लेक्स से आग की लपटें और धुआं अभी भी उठ रहा है।

**दो हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान:** नफीस टावर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया है। इस टावर में भी आग लगी है। आग ने बैंक को भी अपनी चपेट में ले लिया है। व्यापारी रवि शंकर दुबे ने बताया कि 800 से ज्यादा दुकानें जली हैं। आग से 20 अरब यानी दो हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## शॉर्ट सर्किट से आग

**कानपुर, उन्नाव, लखनऊ समेत आस-पास के कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी**

**एआर टावर में रुका एक व्यक्ति लापता:** एआर टावर में काम करने वाले ज्ञान चंद लापता हैं। उनकी पत्नी का कहना है कि अभी उनका पता नहीं चल सका है। ज्ञान चंद से साथी ने बताया कि हम 6-7 लोग चौथे फ्लोर पर रात 12 बजे सोने गए थे। एक बजे के बाद आग लगी।
आग लगने के बाद हम सभी बाहर आ गए। लेकिन, 40 साल के ज्ञान का पता नहीं चल रहा है। ज्ञान की तलाश के लिए फायर फाइटर्स ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ मास्क लगाकर अफटावर में घुसे हैं।

# अग्निकांड में व्यापारियों का नहीं होगा अहित, मिलेगा मुआवजा: बृजेश पाठक

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**उत्तर प्रदेश** के सबसे बड़े रेडीमेड गारमेंट्स बाजार हमराज सहित कई टावरों में लगी आग बेहद दुखद घटना है। इससे करीब छह सौ से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गई हैं और व्यापारियों का बड़ा नुकसान हुआ है। सरकार पूरी तरह से नजर बनाये हुए है और व्यापारियों का अहित नहीं होगा। बीमा कंपनियों के साथ सरकार व्यापारियों के हुए नुकसान का पूरा मुआवजा देगी। यह बातें शुक्रवार को मौके पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कही। अनवरगंज थाना क्षेत्र बासमंडी



चौराहे के पास देर रात रेडीमेड गारमेंट्स बाजार हमराज कॉम्पलेक्स सहित चार टावरों में भीषण आग लग गई थी। आग इतनी विकराल है कि कानपुर सहित आस पास के जनपदों की सैकड़ों फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब 14 घंटे से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। भीषण आग से करीब आठ सौ दुकानें जलकर खाक हो गईं और हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आग को बुझाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस, फायर बिग्रेड और सेना के जवान जुटे हुए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### सीएम मान की बेटी को धमकी पर एक्शन में डीसीडब्ल्यू

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**वारिस** पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल पर कार्रवाई के बाद बौखलाए खालिस्तान समर्थकों की सीएम भगवंत मान की अमेरिका में रहती बेटी को मिल रही धमकियों पर दिल्ली महिला आयोग एक्शन में आ गया है। महिला आयोग ने भगवंत मान की बेटी सीरत कौर मान की सुरक्षा को लेकर अमेरिका में भारतीय दूतावास को आगाह किया है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने अमेरिका में भारतीय दूतावास को कहा कि पंजाब में अमृतपाल के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई चल रही है। इससे बौखलाए खालिस्तानी समर्थक मुख्यमंत्री भगवंत मान की बेटी सीरत को अमेरिका में फोन कर भद्दी-भद्दी गालियां निकाल धमका रहे हैं। उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर कहा कि खालिस्तानी समर्थकों का यह बहुत ही कायरतापूर्ण कृत्य है। उन्होंने अमेरिका में भारतीय दूतावास के अधिकारियों को अपील की है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बच्चों की सुरक्षा को पुख्ता और सुनिश्चित किया जाए।

**खालिस्तानियों ने अलग-अलग नंबरों से 3 बार फोन किया:** भगवंत मान की बेटी सीरत कौर मान को भद्दी शब्दावली का प्रयोग करते हुए एक कॉल नहीं आई, बल्कि खालिस्तानी समर्थकों ने अलग-अलग नंबरों से तीन बार कॉल किया। तीनों बार उन्होंने मुख्यमंत्री की बेटी सीरत को भद्दी-भद्दी गालियां दीं। भगवंत मान की बेटी ने जिन नंबरों से कॉल आई थी उन्हें फिलहाल ब्लॉक कर दिया है।

### जालंधर से रवाना हुई भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
भारत से नेपाल के लिए धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली पहली भारत गौरव पर्यटक ट्रेन शुक्रवार को जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर भारत गौरव पर्यटक ट्रेन रवाना करने से पहले भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रेन को रवाना करने के पहले बाकायदा पूजा अर्चना की गई। इसके बाद एक यात्री से ही ट्रेन की शुरूआत का रिबन कटवाया गया। इसके बाद डीआरएम फिरोजपुर रेलवे डिवीजन ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को नेपाल के लिए रवाना किया। जालंधर से सुबह साढ़े आठ बजे चली ट्रेन अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी से होते हुए नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन पर्यटकों-श्रद्धालुओं को कराएगी।
यात्रियों में एक ही ट्रेन से नेपाल तक यात्रा का उत्साह: इस स्पेशल ट्रेन में दो देशों भारत और नेपाल के प्रमुख तीर्थ स्थलों को कवर करते हुए भारत गौरव पर्यटक अयोध्या के अलावा नंदीग्राम, प्रयागराज, वाराणसी को जोड़ा गया है।

# अहमदाबाद में लगे पीएम मोदी के खिलाफ पोस्टर

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**गुजरात के** अहमदाबाद में शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने वाले 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां आम आदमी पार्टी (आप) के पोस्टर कैंपेन शुरू होने के एक दिन बाद हुई हैं। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि पीएम मोदी के खिलाफ शहर में जगह-जगह पोस्टर लगाए गए थे। केस दर्ज कर लिया गया है। गुजरात के आप चीफ इसुदान गढ़वी ने कहा कि जिन्हें गिरफ्तार किया गया, वो हमारे पार्टी वर्कर्स



हैं। गढ़वी ने कहा- ये भाजपा की तानाशाही का नमूना है। मोदी हटाओ-देश बचाओ का पोस्टर लगाने वाले हमारे कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। यह भाजपा का डर नहीं तो और क्या है। भाजपा चाहे जितना जोर लगा ले, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लड़ते रहेंगे।

# शहीद हेमू कालाणी जन्मशताब्दी समारोह मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राजधानी** में बड़ा सिंधी समागम आयोजित किया गया। अमर शहीद हेमू कालाणी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन कार्यक्रम में भेल दशहरा मैदान पर चल रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत बतौर मुख्य अतिथि और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भी शामिल रहे। इस अवसर पर प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। इसके बाद मंच पर पहुंचे।

**सिंधी समाज की शख्सियतों का सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान सर संघचालक मोहन भागवत और



सीएम शिवराज सिंह ने समाज के गौरव पद्मश्री सुरेश आडवाणी, टेक महिंद्रा ग्रुप के सीईओ सीपी गुडनानी को सम्मानित किया। उनके ग्रुप से डेढ़ लाख से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने व्यावसायिक क्षेत्र की शख्सियत मनोहर शेरवानी का सम्मान भी किया है। वे पुणे में निःशुल्क डायलिसिस सेंटर चलाते हैं। पॉलिकेब इंडस्ट्रीज के चेयरमैन व डायरेक्टर इंदर जयसिंघानी का भी सम्मान किया गया। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से उनके प्रतिनिधि ने सम्मान प्राप्त किया। इसके अलावा, दुबई में रहने वाले उद्योगपति राम बक्सानी को सम्मानित किया गया।

## सिंधी सभ्यता

**अमर शहीद हेमू कालाणी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन कार्यक्रम में भेल दशहरा मैदान पर हुआ**

**सिंधी सभ्यता की दिखी झलक:** कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी में अखंड भारत यानी जब भारत पाकिस्तान एक ही देश हुआ करते थे, उस वक्त सिंध प्रांत में निवासरत सिंधी समाज के लोगों की जीवनशैली, सभ्यता, संस्कृति देखने को मिली।

### किसान सभा ने बिजली दरों में बढ़ोतरी का विरोध किया

**नई टिहरी।** उत्तराखंड किसान सभा टिहरी शाखा के पदाधिकारियों ने बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी का विरोध किया है। टिहरी किसान सभा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा ने जारी बयान में कहा कि बीते गुरुवार को उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरों में करीब दस प्रतिशत की बढ़ोतरी कर विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ता जो बिजली का कम खर्च करते हैं, उनके ऊपर भारी बढ़ोतरी थोपी गई है, जोकि प्रदेश सरकार की गरीब विरोधी नीतियों को दर्शाती है।



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख की वर्चुअल उपस्थिति में 182 करोड़ की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।




# सीएम ने लॉन्च किया छत्तीसगढ़ी 'रेडियो संगवारी'

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का पहला डिजिटल रेडियो स्टेशन ह्यरेडियो संगवारीह्न को लॉन्च किया। उन्होंने इस मौके पर रेडियो संगवारी के संस्थापक तथा संचालक सहित पूरी टीम को छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को व्यापक प्रचार-प्रसार की दिशा में एक बेहतर प्रयास बताते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि रेडियो संगवारी के माध्यम से



छत्तीसगढ़ी लोक कला, लोक संस्कृति और गीत-संगीत को आम लोगों तक डिजिटल रेडिया स्टेशन के माध्यम से पहुंचाने के लिए रेडियो संगवारी की स्थापना की गई है, मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई। मुझे बताया गया है कि छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को एप के माध्यम से पूरी दुनिया के लोगों तक पहुंचाया जाएगा, निश्चित रूप से यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लुप्त हो रही सांस्कृतिक विधाओं और कला परंपराओं को नया जीवन देने के लिए यह प्लेटफार्म एक ताकतवर माध्यम हो सकता है।

### अविश्वसनीय हो चुके नीतीश कुमार: सम्राट

**टीम एक्शन इंडिया/नवादा**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि नीतीश कुमार बिहार की जनता के साथ ही अपनी पार्टी में भी विश्वसनीयता खो चुके हैं। जिस कारण अब वे किसी काम के लायक नहीं बचे हैं।
आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन बिहार के 40 सीटों पर चुनाव जीतकर अपना परचम लहराएगी ।वे शुक्रवार को नवादा में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

**नहीं बढ़ेगा बोझ** राज्य सरकार देगी 13 हजार 114 करोड़ की सब्सिडी

# बिहार: बढ़े बिजली दर से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
बिहार सरकार ने राज्य में बढ़ी बिजली की दरों से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। बिहार विधानसभा में शुक्रवार को राज्य सरकार ने साफ कर दिया कि बढ़ी बिजली की दरों का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। राज्य सरकार खुद ही बढ़े बिजली दर का बोझ उठाएगी। इसके लिए 13114 करोड़ की सब्सिडी जारी की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में जानकारी दी है कि पहले बिजली सब्सिडी में 8895 करोड़ रुपये दिए जाते थे। 2023-24 के लिए सब्सिडी के रूप में 13114 करोड़ की राशि जारी की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार ने विपक्ष के हंगामे के बाद इसका ऐलान किया। साथ ही कहा कि सभी को इस फैसले का स्वागत करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ी हुई दरें एक अप्रैल से ही लागू होनी थी। इसलिए हमने आज ही सब्सिडी देने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि देश के सबसे अमीर राज्य महाराष्ट्र से भी महंगी बिजली बिहार को मिल रही है। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि सभी राज्यों को एक ही रेट पर बिजली उपलब्ध करवाई जाए। ऊर्जा मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ने विस में बताया कि लगातार चार सालों से बिजली दलों में कोई वृद्धि नहीं गई थी। पांचवें साल विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली वृद्धि का फैसला दिया था। अभी बिजली कंपनियों को केंद्र सरकार चलाती है। जब हम चलाते थे तो कभी कोयला नहीं मिलता था, कभी रेल नहीं मिलता था। फिर हम लोगों ने केंद्र को ही कंपनी चलाने की अनुमति दी है।